हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# 'दुनिया' में योग

**15** हजार फीट की बर्फीली ऊंचाई से लेकर समंदर के बीच भी 'योग'



जहाज में योग



सशस्त्र सेनाओं के विभिन्न अंगों ने भी देशभर में पूरे उत्साह से मनाया 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस'

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जल-थल-नभ में भारतीयों ने किया योग, विश्व के सभी देशों में मनाया योग दिवस

धरती के स्वर्ग कश्मीर में पीएम मोदी ने किया योग, बोले दुनिया मानती है योग की शक्ति

एजेंसी ⏭ श्रीनगर/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीनगर के शेर-ए कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में योगाभ्यास किया। इसके बाद प्रधानमंत्री योग से जुड़े लोगों से मिले। उनके साथ सेल्फी खिंचवाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर लोग उत्साह ▸▸ शेष पेज 5 पर

योगाभ्यास के बाद पीएम लोगों से मिले... ली सेल्फी, दुनिया को दी योग दिवस की बधाई



सेल्फी



लद्दाख

### केंद्रीय मंत्री शिवराज ने पूसा परिसर में किया योग




*केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूसा परिसर नई दिल्ली में आयोजित सामूहिक योगभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। शिवराज ने कहा कि योग एक सुखी स्वस्थ और संपूर्ण जीवन जीने की कला और विज्ञान है।*

## रक्षा मंत्री ने मथुरा और विदेश मंत्री ने राजधानी दिल्ली में किए योगासन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट के दो शीर्ष मंत्रियों में शामिल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने योगाभ्यास किया।

रक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में स्थित सेना की एक कोर के जवानों के साथ योग दिवस मनाया तो वहीं विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों और कई देशों के राजदूतों के साथ



योगासन किए। वहीं, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तमिलनाडु के रामेश्वरम द्वीप के सबसे दक्षिणी छोर धनुषकोडी में तटरक्षक बल द्वारा आयोजित विशेष योग सत्र में भाग लिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि 21 जून का दिन भारत के लिए गर्व की बात है। क्योंकि ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कोरोना से पहले 2 लाख भारतीय वीजा चीनियों को जारी होते थे

## चीन को आर्थिक मोर्चे पर चौतरफा घेर रहा है भारत चीनियों को भारतीय वीजा मिलना अब आसान नहीं

गलवान घटना के बाद लगातार कस रहा है शिकंजा

2023-2024 में केवल 2 हजार वीजा हुए जारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

भारत-चीन बॉर्डर पर भारतीय सेना और चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच गलवान घाटी में चार साल पहले हुए फिजिकल-टेंशन के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने धीरे धीरे ऐसा शिकंजा कसा है कि चीनियों को समझ नहीं आ रहा कि कैसे निपटा जाए? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' विमर्श के बाद भारत में चीनी प्रोडक्ट और व्यापार पहले की तुलना में बेहद कम होते जा रहे हैं अब चीनियों को भारत का वीजा मिलना 'सपने' जैसा बना दिया गया है। हालात ये है कि 2019-2020 से पहले, यानि कोरोना संक्रमण से पहले चीनी नागरिकों को



### देशवासियों को जागरूक किया

चीन के लिए भारत एक बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में रहा है। चीन की आर्थिक मजबूती में जाहिरतौर पर भारत में उनके उत्पाद की खपत एक मजबूत आधार रहा है। केंद्र सरकार ने रणनीतिक रूप से चीन को आर्थिक मोर्चे पर कमजोर करने के लिए पहले चीनी उत्पादों के प्रति देशवासियों को जागरूक किया। भारतीय उत्पाद ज्यादा से ज्यादा खरीदे जाएं इस ओर सार्थक प्रयास किए, उसका असर भी दिखा। दूसरा चीनी नागरिकों, व्यापारियों के धड़ल्ले से भारत की आवाजाही को नियंत्रित कर भारत ने चीन को लगातार प्रतीकात्मक संदेश दिया।

जहां हर साल 2 लाख से अधिक ई-वीजा भारत की ओर से जारी किये गये थे, वहीं गलवान घाटी के हुज्जत और बढते टेंशन के बीच 2023-2024 में चीनी नागरिकों के लाखों आवेदनों में से केवल 2 हजार भारतीय वीजा ही जारी किया गया। विदित हो कि लद्दाख की सीमा के अंदर जबरन घुसने की कोशिश करते हुए पीएलए के जवानों के साथ भारतीय जवानों का खूनी संघर्ष हुआ था। गलवान घाटी में पीएलए के साथ चार साल पहले हुई ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 8 महीने में सिर्फ 1500 वीजा दिए

सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि चीनियों को भारतीय वीजा देने की रफ्तार को इस कदर स्ट्रीमलाइन किया गया है गत 8 महीने में चीनी इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज के प्रोफेशनल लोगों को केवल 1500 वीजा जारी किए गए। मौजूदा वित्तीय वर्ष के शुरूआती पांच महीनों में ही चीन के साथ ट्रेड-डेफिसिट 38.11 बिलियन डॉलर का रहा। जब कि इन्हीं पांच महीनों में भारतीय उत्पादों का निर्यात कहीं ज्यादा, 9 फीसदी के उछाल के साथ 8.3 बिलियन डॉलर का रहा। भारत में व्यापार जमा कर मनी लांड्रिंग कर रहीं चीनी कंपनियों पर ईडी की नजर पहले से है। मतलब साफ है, भारत के पड़ोसी देशों के साथ मिलकर भारत के खिलाफ चीन जितने जाल बुनेगा, आर्थिक मोर्चे पर उतना उलझता जाएगा।

## अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल, 2 से 3 दिन में होगा रिहाई पर फैसला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार शाम राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत मिली थी लेकिन शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी जमानत पर स्टे लगा दिया है। दिल्ली हाईकार्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर तब तक स्टे लगाया है, जब तक जब तक वह ईडी की याचिका पर फैसला नहीं सुना देता। हाईकोर्ट इस फैसले पर सोमवार या ▸▸ शेष पेज 5 पर



### तो फिर जज को निबंध लिखना चाहिए

*ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने जस्टिस सुधीर कुमार जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा की वेकेशन बेंच में याचिका लगाई, सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने रिहाई पर रोक लगा दी। एएसजी राजू ने कहा कि हमारी बात निचली अदालत में नहीं सुनी गई। सीएम केजरीवाल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने स्टे लगाने की मांग का विरोध किया। सिंघवी ने कहा कि* ▸▸ शेष पेज 5 पर




### देश में लागू हुआ एंटी पेपर लीक कानून

**नई दिल्ली।** पेपर लीक को लेकर इस साल फरवरी में पारित हुआ कानून शुक्रवार से लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने कानून की अधिसूचना जारी की है। एंटी पेपर लीक कानून के लागू होने के बाद सार्वजनिक परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने पर तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## नई दिल्ली पहुंची बांग्लादेश पीएम, जयशंकर ने की शिष्टाचार भेंट

भारत-बांग्लादेश के प्रधानमंत्रियों के बीच आज होगी द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शुक्रवार को अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंची। यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने उनका स्वागत किया। इस दौरान भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी मौजूद थे। इसके बाद



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रधानमंत्री शेख हसीना से शिष्टाचार मुलाकात की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि आज शाम बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके मुझे प्रसन्नता हुई। भारत की उनकी ▸▸ शेष पेज 5 पर




### जम्मू कश्मीर के साथ ही हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र में होगा अपडेशन

## पीएम मोदी की घोषणा के बाद 'एक्शन' में चुनाव आयोग, वोटर लिस्ट को अपडेट करने का निर्देश

2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया

◆ इसके साथ ही जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेश- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बदल दिया गया

एजेंसी ⏭ जम्मू/नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर सहित चार राज्यों में मतदाता सूचियों को अपडेट करने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने जम्मू कश्मीर के साथ ही हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट को अपडेट करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग का यह कदम मोदी के जम्मू कश्मीर दौरे के बीच सामने आया है। गुरुवार को श्रीनगर में मोदी ने अपने संबोधन के दौरान प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी की बात कही थी। साथ ही जम्मू कश्मीर को जल्द राज्य का दर्जा दिए जाने के भी सपष्ट संकेत दिए थे। ▸▸ शेष पेज 5 पर



### इस बार एक जुलाई 2024 होगी अर्हता तिथि

एक जुलाई 2024 को या उससे पहले 18 वर्ष पूरे करने वाले युवा वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़ा सकेंगे। वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए एक जुलाई 2024 अर्हता तिथि रखी गई है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के लिए, मतदाता सूची को एक जनवरी को अर्हता तिथि के रूप में अपडेट किया गया था। अर्हता तिथि किसी राज्य या देश में किसी निश्चित तिथि पर मतदाताओं की संख्या स्थापित करने में मदद करती है।





# झमाझम बारिश से खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लंबे समय से भीषण गर्मी व झुलसाने वाली लू से मुरझाए दिल्ली वालों चेहरे उस समय खिल गए जब शुक्रवार को राजधानी में झमाझम बारिश हुई। बच्चें व बड़ो ने जमकर बारिश में नहाने का आनंद उठाया और खुद को तरोताजा महसूस किया। शीतल हवाओं वाली सुबह ने राजधानीवासियों का स्वागत किया। जबकि दोपहर के करीब आसमान पर बादलों का जमघट लगने लगा, तेज हवाएं चली और फिर देखते ही देखते राजधानी में जगह जगह झमाझम बारिश ने दिल्ली वालों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

यह दिल्ली में मानसून पूर्व पहली झमाझम बारिश है जिसका राजधानी लंबे समय से इंतजार कर रही थी। लेकिन यह राहत अगले दो दिनों बाद एक बार फिर गायब हो सकती है, और पारा पुन दिल्ली को पसीने पसीने कर सकता है। जहां पहली झमाझम बारिश ने लोगों को बहुत बड़ी राहत दी, वहीं पहली ही बारिश में दिल्ली के अनेक हिस्सों में जलभराव ने वाहनों की गति पर ब्रेक लगा दिया। कई अंडरपास व फ्लाईओवर पर पानी भरने से वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम कल तक दावे कर रही थी कि इस बार मानसून में दिल्ली वालों को जलभराव का सामना नहीं करना पड़ेगा। लेकिन पहली प्री मानसून बारिश ने ही दोनों दावों की पोल खोल दी है। मौसम को प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने कहा कि बारिश को लेकर पहले ही ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। आईएमडी के अनुसार बारिश के चलते अधिकतम पारा 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो अब भी सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है। जबकि न्यूनतम पारा सामान्य स्तर पर 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में शाम साढ़े पांच बजे तक कुल 3.6 एमएम बारिश दर्ज हुई। राजधानी में सबसे ज्यादा पानी रिज एरिया में बरसा जहां कुल 6.2 एमएम बारिश दर्ज हुई। जबकि लोधी रोड़ 3.8 एमएम और पालम में 1.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। आईएमडी का कहना है कि झमाझम बारिश के बाद शनिवार व रविवार को तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है।

## जल संकट : दिल्ली सरकार ने की हरियाणा से पानी देने की मांग

# आतिशी ने शुरू की भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरुआत की। सत्याग्रह शुरू करने से पहले सुबह 10.45 बजे वो सीएम अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात कीं। यहां से सुबह 11 बजे राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद वो धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और यहां दोपहर 12 बजे से अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। इस दौरान उनके साथ सीएम अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज व इमरान हुसैन, विधायक दुर्गेश पाठक, राखी बिड़लान समेत कई विधायक व पार्षद मौजूद रहे।

### दिल्ली पानी के लिए है पड़ोसी राज्यों पर निर्भर

जलमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो हफ़्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है। दिल्ली की जल मंत्री होने के नाते मैंने दिल्ली के हक का पानी लेने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने नहीं दिया। आतिशी ने कहा कि इस संबंध में मैंने प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा और उनसे अनुरोध किया कि आप ही हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का पानी दिलवा दीजिए। लेकिन राहत मिलने के बजाय पिछले दो दिनों से हरियाणा सरकार ने दिल्ली के हक का 120 एमजीडी पानी रोक लिया है। इसीलिए मुझे अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठना पड़ा।



### सीएम केजरीवाल ने जल संकट को लेकर जेल से भेजा संदेश



**नई दिल्ली।** दिल्ली को उसके हक का पानी दिलाने के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं जल मंत्री आतिशी और दिल्लीवालों के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल ने जेल से संदेश भेजकर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। सीएम के भेजे संदेश को उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने धरना स्थल पर पढ़कर दिल्ली की जनता को सुनाया। सीएम केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा है कि जब मैं टीवी पर देखता हूं कि पानी की कमी से आपको तकलीफ हो रही है तो यहां मुझे बहुत पीड़ा होती है। इस भीषण गर्मी में हमें अपने पड़ोसी राज्यों से सहारा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन हरियाणा ने रोजाना मिलने वाला पानी भी कम कर दिया। देश में कहीं भी आपदा आने पर पूरा देश पीड़ित लोगों की मदद में लग जाता है। इसीलिए तो हम एक देश हैं, लेकिन हरियाणा सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। दिल्ली के प्यासे लोगों के लिए बिना कुछ खाए हमारी कैबिनेट मंत्री आतिशी बेहद कठोर तपस्या कर रही हैं। हमें उम्मीद है कि वो इस तपस्या में सफल होगी और दिल्लीवालों को राहत मिलेगी।

### ईडी ऐसे बर्ताव कर रही, जैसे अरविंद केजरीवाल हैं मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादी : सुनीता केजरीवाल

**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि गुरुवार की शाम को राउज एवेन्यू कोर्ट से आपके मुख्यमंत्री को जमानत मिली और शुक्रवार सुबह आदेश अपलोड किया जाना था। लेकिन ईडी उस पर स्टे लगवाने के लिए हाईकोर्ट पहुंच गई। ईडी ऐसे बर्ताव कर रही है, जैसे अरविंद केजरीवाल भारत के मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादी हैं। इस देश की तानाशाह सरकार इस हद तक पहुंच गई है कि आज दिल्ली के चहेते मुख्यमंत्री को बाहर आने से रोकने के लिए ईडी स्टे लेने चली गई। अभी हाईकोर्ट का फैसला आना बाकी है। हमें उम्मीद है कि कोर्ट न्याय करेगा।

### केजरीवाल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई है पक्षपातपूर्ण : संजय सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली की लोअर कोर्ट से सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद भाजपा और उसकी ईडी पूरे देश के सामने बेनकाब हो गई है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने जमानत ऑर्डर में कहा है कि केजरीवाल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण है। ईडी ने मनगढ़ंत तथ्यों और बयानों के आधार पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया। कोर्ट ने आदेश में साफ कहा है कि गोवा चुनाव में पैसे के लेनदेन का ईडी के पास कोई सबूत नहीं है। संजय सिंह ने कहा कि दो साल की जांच के बाद भी मनी ट्रेल नहीं मिला है। ईडी चाहती है कि जब तक जांच चले, तब तक अरविंद केजरीवाल जेल में रहें, भले ही उसके पास कोई पुख्ता सबूत नही है। भाजपा की केंद्र सरकार ने 'आप' को खत्म करने के लिए साजिश के तहत केजरीवाल, सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और मुझे जेल में डाला। संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद से भाजपा-ईडी में हड़कंप मच गया। इसलिए भाजपा ने स्टे लेने के लिए तुरंत ईडी को हाईकोर्ट भेज दिया। लेकिन केजरीवाल की जमानत का आधार पुख्ता है। हमें उम्मीद है कि हाईकोर्ट लोअर कोर्ट के आदेश का संज्ञान लेगा।

### न्यायिक निर्णयों पर टिप्पणियां करने से पहले न्यायिक व्यवस्थाओं को समझें आप नेता : सचदेवा



नई दिल्ली। बेहतर होगा आम आदमी पार्टी नेता जल्दबाजी में न्यायिक निर्णयों पर टिप्पणियां करने से पहले न्यायिक व्यवस्थाओं को समझें, सामान्यतः हर जांच एजेंसी आरोपी को मिली जमानत को चुनौती देती है और यही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले में हो रहा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को आप नेताओं की ब्यानबाजी को लेकर कही। उन्होंने कहा है कि उच्च न्यायालय द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत को ई.डी. की चुनौती याचिका पर लंबी बहस के बाद शुक्रवार को उनकी जमानत पर दो तीन दिन की रोक लगाये जाने से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर निकलने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। सचदेवा ने आप नेताओं द्वारा कई तरह की बेतुकी बयानबाजी पर कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी और बहानेबाजी करना आम आदमी पार्टी की पुरानी आदत है। उनके नेताओं को भ्रम फैलाने में महारथ हासिल है लेकिन एक तथ्य है जो हम सब के सामने स्पष्ट है और वह है कि दिल्ली हाईकोर्ट का एक आदेश आज भी ऑपरेट कर रहा है जिसके तहत यह पाया गया था कि मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी कानूनी रुप से सही है और शराब नीति में करोड़ों रुपये के किक बैक्स लेने में उनकी व्यक्तिगत भूमिका रही है। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पुरानी आदत है कि ऑर्डर इनके पक्ष में जाता है तो यह सत्यमेव जयते कहते हैं और अगर ऑर्डर इनके पक्ष में नहीं जाता है तो यह उसी न्याय प्रणाली पर सवाल खड़े करते हैं। देश का न्यायपालिका स्वतंत्र है और एक स्वतंत्र तरीके से तथ्यों के आधार पर वह काम करती है।

# जल मंत्री का सत्याग्रह है एक छलावा : बांसुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ स्वराज ने आतिशी से जल बोर्ड एवं जल समस्या को लेकर किए छह सवाल

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का सत्याग्रह एक छलावा है और अपनी निष्क्रियता को छुपाने का प्रयास है। आतिशी एक पूरी तरह असफल जल मंत्री हैं, इस वर्ष फरवरी से ही यह स्पष्ट था कि दिल्ली एक लम्बी गर्मी झेलेगी पर आतिशी ने कोई तैयारी नहीं की। सांसद बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि जिस वक्त गर्मी की जरूरतों के लिए दिल्ली को तैयार करना था उस वक्त वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सम्भावित गिरफ्तारी एवं फिर गिरफ्तारी पर ब्यानबाजी करने में संलग्न थीं। सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली वालों की ओर से 6 सिंपल सवाल जल मंत्री आतिशी से किए हैं और आशा व्यक्त की है कि वह जनता के सवालों का जवाब देंगी। पहला, दिल्ली जल बोर्ड ने इस वर्ष मार्च में समर एक्शन प्लान क्यों नहीं बनाया और जो चर्चा भी की उसमें मौसम विभाग की तपती गर्मी जानकारी के बाद भी पूरी तैयारी क्यों नही की ? दूसरा, आप लगातार हरियाणा से या फिर हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त जल मांगती हैं जिनके पास अतिरिक्त जल नहीं है पर हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के बीच पड़ने वाले पंजाब राज्य से जल क्यों नही मांगती जबकि वहां आपकी अपनी पार्टी की सरकार है ? तीसरा, आज दिल्ली के 3 करोड़ लोग जल समस्या से जूझ रहे हैं पर ना जाने वो कौन सा आंकड़ा है जिसके आधार पर आप आज भी कहती हैं की दिल्ली के 28 लाख लोग ही जल समस्या से त्रस्त हैं, आतिशी आखिर क्यों आप तीन करोड़ जल संकट प्रभावित लोगों की संख्या को 28 लाख बता कर उनके जख्मों पर नमक छिड़क रही हैं? चौथा, आतिशी सारी दिल्ली जानती है कि दिल्ली में जल संकट का एक बड़ा कारण है वजीराबाद बैराज संयंत्र एवं सोनिया विहार एवं ओखला जल संयंत्रों में पानी स्टोरेज क्षमता की कमी, वजीराबाद में तो स्टोरेज जल तालाब में 95 प्रतिशत तक गाद भरी है। मंत्री बताए कि पिछले दस साल में वजीराबाद बैराज, सोनिया विहार जैसे जल संयंत्रों के स्टोरेज सिस्टम की सफाई एवं उसको बढ़ाने पर क्या काम किया और उन्होंने रैनी वैल पर क्या काम किया ? पांचवा, आपकी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता आज जल टैंकर्स दिल्ली में चलवा रहे हैं और वह ही हैं जो मुनक नहर से भी जल चुराते हैं और अवैध भूजल दोहन भी करते हैं, आतिशी बतायें कि दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने गत सप्ताह विधायक भावना गौड़ के सहयोगियों के अवैध टैंकर्स की पोल खोली थी उन पर जल विभाग ने आज तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की ? और छटा व अंतिम, दिल्ली में वाटर लीकेज एवं चोरी 52 प्रतिशत तक शुद्ध जल बर्बाद करते हैं। आतिशी एक ही मामला बताएं जहां उन्होंने खुद से वाटर लीकेज एवं चोरी रोकने के लिए योजनाबद्ध काम किया ? बांसुरी स्वराज ने कहा है कि हम उम्मीद करते हैं कि आतिशी बजाय राजनीतिक नौटंकी के जनता के सवालों का जवाब देंगी।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नाम**: नामालूम, **पुत्र**: नामालूम, **पता**: नामालूम, **उम्र**: 50 साल, **लिंग**: पुरूष, **कद**: 5 फुट 6 इंच, **रंग**: सांवला, **पहचान चिन्ह**: दायें हाथ पर ऊँ का पुराना टैटू बना है। **पहनावा**: मालूम नही, **बरामदी स्थल**: जो लोक नायाक अस्पताल, दिल्ली में 03.06.2024 को भर्ती किया गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस संदर्भ में **DD No. 52A**, दिनांक **11.06.2024**, थाना–हौज काजी, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना: हौज काजी, दिल्ली**
**फोन: 9891453064**

**DP/7776/CD/2024**


## नीट, यूजी पेपर लीक मामला

# कांग्रेस ने किया भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नीट, यूजी पेपर लीक मामले के विरोध में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय के बाहर विशाल प्रदर्शन करते हुए रोष जताया। इस मौके पर कांग्रेसी हाथों में पोस्ट बैनर लेकर पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केन्द्र सरकार से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की मांग की। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन से जुलूस के रूप में निकले कांग्रेसियों को पुलिस ने भाजपा मुख्यालय से पहले ही रोक दिया। पुलिस बल ने सुरक्षा के लिहाज से प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर उन्हे समयपुर बादली पुलिस स्टेशन ले गई, जहां बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। इस अवसर पर यादव के अलावा पार्टी के कई पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, वर्तमान व पूर्व पार्षद, प्रदेश से लेकर ब्लाक स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की लचर व्यवस्था के चलते नीट यूजी जैसे पेपर लीक होने से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। लेकिन कांग्रेस छात्रों के जीवन से खिलवाड़ नहीं होने देगी। पार्टी युवाओं की आवाज बनकर शांतिपूर्ण तरीके से एक मजबूत लड़ाई तब तक लड़ेगी जब तक इसको अंजाम तक नहीं पहुंचा दिया जाता। उन्होंने कहा कि हम मांग करते है कि पेपर लीक और भ्रष्टाचार में डूबी परीक्षा को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। देवेन्द्र ने कहा कि 2014 से अधिकतर परीक्षाओं में पेपर लीक और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। एक तरफ सरकार रोजगार खत्म कर रही है दूसरी तरफ परीक्षाओं के पेपर लीक से युवाओं का भविष्य अंधकार में धंसता जा रहा है। कांग्रेस पार्टी अपने दायित्व को निभाते हुए गूंगी बहरी सरकार के खिलाफ आवाज उठाकर पीड़ित युवाओं को न्याय दिलाने के लिए हमेशा अग्रसर रहेगी।


intec
SAPNE AAPKE, BHAROSA APNO KA
**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
CIN: L74899DL1994PLC057410
**पंजी. कार्यालय** : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
T-+91-11-46522200/300; F-+91-1146522333 Website: www.inteccapital.com

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन एवं समेकित) का सार**

(प्रति इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वित्तीय वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वित्तीय वर्ष | |
| | | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.12.2022 (अअंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 102.60 | 63.39 | 607.74 | 379.68 | 985.28 | 104.98 | 65.85 | 581.98 | 389.36 | 850.37 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (854.95) | (88.30) | (1,211.18) | (1,691.67) | (1,800.17) | (45.83) | (90.04) | (1,241.12) | (887.89) | (1,951.97) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (854.95) | (88.30) | (1,211.18) | (1,691.67) | (1,800.17) | (45.83) | (90.04) | (1,241.12) | (887.89) | (1,951.97) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (659.37) | (96.53) | (2,121.86) | (1,369.10) | (2,663.69) | 149.75 | (98.27) | (2,151.80) | (565.32) | (2,815.49) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (658.91) | (95.98) | (2,114.36) | (1,367.00) | (2,661.50) | 150.21 | (97.72) | (2,144.30) | (563.22) | (2,813.30) |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| | 1. बेसिक (रु. में) : | (3.59) | (0.53) | (11.55) | (7.45) | (14.50) | 0.81 | (0.54) | (11.72) | (3.08) | (15.33) |
| | 2. डायल्युटेड (रु. में) : | (3.59) | (0.53) | (11.55) | (7.45) | (14.50) | 0.81 | (0.54) | (11.72) | (3.08) | (15.33) |

**टिप्पणी** :–

(1) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमन 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स अर्थात www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.inteccapital.com पर उपलब्ध हैं।

(2) विस्तृत वित्तीय परिणामों और इस सार की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई थी और अनुशंसित कर दिये गये तथा 21 जून 2024 को आयोजित उनकी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये। अंकेक्षकों द्वारा हमारे वित्तीय परिणामों का अंकेक्षण सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 की अपेक्षा के तहत कर लिया गया है।

**कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
हस्ता/–
**संजीव गोयल**
**(प्रबंध निदेशक)**
**डीआईएन** –00028702

**स्थान** : नई दिल्ली
**दिनांक** : 21.06.2024

## खबर संक्षेप

### संजय बुटाना गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने संजय बुटाना-सुनील चून और कृष्ण गाथा गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और एक कट्टा बरामद हुआ है। अपने प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों को खत्म करने के लिए मध्य प्रदेश से हथियार खरीदे गए थे। गिरफ्तार बदमाशों के नाम अनुज उर्फ काला और गोपाराम उर्फ गोपाल है। सबसे पहले ट्रांसपोर्ट नगर, बादली के पास से गोपाराम को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह करीब एक साल पहले अपने गांव के प्रकाश के माध्यम से अनुज उर्फ काला के संपर्क में आया था। अनुज ने उसे सेंधवा, एमपी से अवैध हथियार लाने का काम सौंपा। अनुज ने उसे एक ट्रिप के लिये 10-15 हजार रुपए दिए थे। गिरफ्तारी के समय वह करनाल बाइपास के पास अनुज उर्फ काला को हथियार देने आया था। निशानदेही पर अनुज को सोनीपत से पकड़ा गया।

### जुए में हुआ नुकसान तो मांगने लगा रंगदारी

**नई दिल्ली।** रंगदारी मामले में वांछित अभियुक्त को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। इसके निशाने पर खासतौर पर प्रतिष्ठित डॉक्टर होते थे। आरोपी रातोंरात अमीर बनना चाहता था। पूछताछ में उसने बताया कि जुए की लत के कारण उसे भारी नुकसान उठाना पड़ा था। आरोपी बीकॉम ग्रेजुएट है। डीसीपी मनोज सी के अनुसार साउथ वेस्टर्न रेंज, स्पेशल सेल की एक टीम ने अशोक कुमार (32) को गिरफ्तार किया है। वह बक्करवाला का रहने वाला है। जनकपुरी थाने के एक रंगदारी केस में इसकी तलाश थी। इंस्पेक्टर मनेंद्र सिंह, संदीप यादव और नीरज की टीम दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में इसके संभावित ठिकानों पर निगरानी रख रही थी।

### पीएम मोदी ने योग की महत्ता को देश ही नहीं पूरे विश्व में दिलाई है मान्यता : नड्डा

# दिल्ली में धूमधाम से मना योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस राजधानी में धूमधाम से मनाया गया। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग की महत्ता को ना सिर्फ देश भर में बल्कि पूरे विश्व में मान्यता दिलाई है। यह योग की विधा जो हमारे देश तक सीमित थी उसे आज पूरा विश्व ने अपनाया है। हम 10वां योग दिवस मना रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली भाजपा द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। नड्डा ने सभी से आह्वान किया कि अपनी दैनिक दिनचर्या में योग के अभ्यास को अपने जीवन का एक अभिन्न भाग बनाए ताकि हम स्वास्थ्य रहे और हमारे जीवन में शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक के समावेश से हमारा जीवन सुचारु रूप से आगे बढ़ सके। योग से जहां हमारा शरीर उत्तम रहता है वही हमारी आंतरिक शक्ति भी जागृत होती है। वहीं, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आईये संकल्प लें योग करें निरोग रहें। उन्होंने याद दिलाया कि जब संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग होते देखा गया तब हर भारतीय गौरवान्वित हुआ था और हमें गर्व है कि आज भारत को विश्व योग गुरु के रूप में देख रहा है। दिल्ली भाजपा द्वारा दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया। भारत सरकार में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज एवं प्रवीण खंडेलवाल सहित भाजपा के विधायक एवं पदाधिकारीगण अनेक राष्ट्रीय नेता योग दिवस के कार्यक्रमों में सम्मलित हुए। वहीं उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बांसेरा में लोगों के साथ योग किया। इस बारे में डीडीए ने बताया कि प्राधिकरण ने अपने 18 खेल व गोल्फ परिसरों तथा 10 पार्कों आदि में योग दिवस मनाया। इस वर्ष की थीम स्वयं और समाज के लिए योग रही, जिसमें लगभग 20 हजार लोगों ने भाग लिया।

### एमसीडी, एनडीएमसी व डीएमआरसी ने लगाए शिविर

दिल्ली नगर निगम के सभी 12 जोनों द्वारा उपायुक्त के सानिध्य में योग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जोनों में आयोजित कार्यक्रमों में उपायुक्तों, निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, निगम पार्षद और कर्मियों ने निगम छात्रों के साथ योगाभ्यास किया और सबको योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। 'स्वयं और समाज के लिए योग' विषय पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और 6 योग संस्थानों के समन्वय से 8 प्रमुख स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर लगभग दस हजार प्रतिभागियों ने योग किया। केंद्रीय रेल मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने एनडीएमसी सदस्य विशाखा सैलानी और सूचना प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव, पतंजलि योग समिति के स्वयंसेवक, रेलवे के अधिकारी समेत 1500 प्रतिभागियों ने लोधी गार्डन में आयोजित योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने योग शिविर आयोजित किए। इस मौके पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार की अगुवाई में दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी (डीएमआरए) परिसर में अधिकारियों कर्मचारियों ने योग सत्र में हिस्सा लिया। इस अवसर पर एमडी डा. कुमार ने कहा कि नियमित योग करके हम अपने शरीर व मस्तिष्क को स्वस्थ्य रख सकते है।



यमुना...

### डीयू में लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास

दिल्ली विश्वविद्यालय में करीब एक हजार लोगों ने कुलपति प्रो. योगेश सिंह और स्थानीय सांसद मनोज तिवारी के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। डीयू प्रशासन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन सुबह 6 बजे डीयू के खेल स्टेडियम परिसर के मल्टीपर्पज हॉल में किया गया था। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में योग के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि योग मन को स्थिर और शरीर को गतिमान करता है।

### एबीवीपी ने कई कॉलेजों में लगाया शिविर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री हर्ष अत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली के संगम विहार, अदिति महाविद्यालय, जेएनयू एवं अन्य जगहों पर योग शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तथा लोगों को हर रोज योग करने का आग्रह भी किया। बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। वहीं, नेहरू युवा केंद्र, जिला उत्तरी, अलीपुर, दिल्ली ने लोगों के बीच योग को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

### संस्थाओं के योग कार्यक्रमों में पहुंचे आम लोग

केंद्रीय आयुष मंत्रालय व ब्रह्मा कुमारी संस्था के संयुक्त कार्यक्रम में पहुंची उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की राज्य मंत्री नीमुबेन बांभणिया ने कहा कि योग भारत की पुरातन संस्कृति का भाग है। नीमुबेन ने कहा कि जीवन से जुड़ने का सूत्र है योग करना, यही कारण है कि आज पूरा विश्व भारत की इस महान पुरातन संस्कृति को अपना रहा है। वहीं पंजाबी बाग स्थित रेलवे कॉलोनी पार्क में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अध्यात्मिक गुरु व सुविख्यात समाजसेवी सतपाल महाराज की प्रेरणा से योग शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, विधायक शिवचरण गोयल ने कहा कि नियमित योग करने से मन व शरीर स्वस्थ रहता है। शिविर में भारी संख्या में बच्चे, नौजवान सहित बुजुर्ग लोगों ने पहुंच कर शिविर से लाभ उठाया।

## बांग्लादेशियों के जाली कागजात बनाने वाले रैकेट के दो दबोचे

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने कबूतरबाजी रैकेट से जुड़े दो एजेंटों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बांग्लादेशी और दूसरा उड़ीसा का रहने वाला है। यह लोग फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड के जरिये पासपोर्ट बनाकर बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय बनाकर विदेश में भेजते थे। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब एक बांग्लादेशी नागरिक यूएई से मार्च में आईजीआई एयरपोर्ट डिपोर्ट किया गया। उसके कागजातों की जांच की गई तो उसमें गड़बड़ी मिली। पूछताछ में उसने बताया कि वह 2020 में मेघालय बॉर्डर क्रॉस करके अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत आया था। फिर वेस्ट बंगाल में रुका। यहां पहले जरुरी भारतीय कागजात बनवाये और बाद में उन्हीं कागजातों पर पासपोर्स हासिल कर 2023 में वर्क वीजा पर यूएई गया था। इस मामले में उसकी कई एजेंटों ने मदद की थी। पुलिस ने दीपक रॉय और एस दीनबंधु पात्रा उर्फ दिनेश को गिरफ्तार किया है। यह भी पता चला कि इन लोगों ने अलग-अलग नाम से 21 फर्जी पासपोर्ट जारी करवाये थे। इनके पास से वेस्ट बंगाल के ब्लैक स्टांप पेपर भी बरामद किए गए हैं। इनके ऑफिस से बड़ी संख्या में जाली कागजात जब्त किये गये हैं। पता चला है कि जिस बांग्लादेशी नागरिक को भारतीय बनाकर यूएई भेजा था उससे इन्होंने डेढ़ लाख रुपये लिये थे।

## सराय रोहिल्ला: सात लोगों ने मिलकर की थी हत्या, मास्टरमाइंड धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सराय रोहिल्ला इलाके में रवि यादव नामक शख्स की हत्या केस में उत्तरी जिला पुलिस ने मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार कर लिया है। सात आरोपियों में तीन नाबालिग भी शामिल थे। बाकी छह आरोपियों को वारदात के दो दिनों के भीतर पकड़ लिया गया था। एक आरोपी की गिरफ्तारी में महीने भर का समय लगा। गिरफ्तार मास्टरमाइंड का नाम किशन है।

आरोपी मोती नगर के आर्म्स एक्ट केस में पहले से ही न्यायिक हिरासत में चल रहा था। हाल ही में इसे जमानत पर छोड़ा गया था। पुलिस के अनुसार 08/09 मई की मध्यरात्रि सराय रोहिल्ला में एक व्यक्ति के शव के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त मिली थी। तुरंत, एक पुलिस टीम घटनास्थल हरिजन बस्ती, मेन मार्केट, न्यू रोहतक रोड पहुंची। खून से लथपथ हालत में शव को कब्जे में लिया गया। शव के निरीक्षण से पता चला कि ऊपरी हिस्से पर करीब 100 घाव थे। बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या की गई थी। मृतक की पहचान रवि यादव, निवासी नेहरू नगर, पटेल नगर के



- वारदात में तीन नाबालिग समेत छह आरोपी पहले पकड़े गये थे

रूप में हुई। पता चला कि मृतक आनंद पर्वत के हत्या केस का शिकायतकर्ता और प्रत्यक्षदर्शी था। इस मामले में किशन नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था और वह हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था। मृतक की पत्नी के बयान पर थाना सराय रोहिल्ला में हत्या का केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान तीन नाबालिगों समेत छह आरोपियों को पकड़ा जा चुका था। तीन बालिग आरोपियों के नाम अजीत कुमार झा, शिवा और इकबाल थे। इनके पास से चार तेज धारदार चाकू बरामद किए गए थे। लेकिन अपराध का मुख्य साजिशकर्ता किशन अपराध के बाद से फरार था। आरोपी किशन को मोती नगर इलाके से पकड़ा गया है। वह जखीरा का रहने वाला है। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपने दो दोस्तों राजन और तनबीर के साथ मृतक रवि यादव के साथ झगड़ा किया था, जिसमें उसके दोस्त तनबीर ने रवि यादव पर गोली चलाई थी, लेकिन गोली गैस सिलेंडर से टकरा गई थी। सिलेंडर की चपेट में आने से उसके दोस्त राजन की मौके पर ही मौत हो गई थी। किशन को गत वर्ष दिसंबर में जेल से जमानत पर रिहा कर दिया गया था। इसके बाद वह अपने दोस्त राजन की पत्नी से मिला और उससे शादी कर ली। किशेन ने रवि यादव से राजन की हत्या का बदला लेने का वादा भी किया था।



**खबर संक्षेप**

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया योग शिविर आयोजित



**फरीदाबाद।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन सेक्टर 16 ए के पार्क में किया गया। जिसमें लोगों ने योगासन और प्राणायाम किए। योग गुरु राकेश गुप्ता ने सभी को योग के महत्व के बारे में बताया । मोर्चा जिला महामंत्री नरेंद्र जैन ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है और विश्व भर में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## गलत ड्राइविंग के लिए वसूला 3.20 लाख जुर्माना

**फरीदाबाद।** ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान के तहत लेन चेंज कर वाहन चलाने वालों के चालान काटे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक उषा के मार्गदर्शन में लोगों को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में लगातार जागरुक भी किया जा रहा है । पुलिस द्वारा अभियान चलाकर 641 चालान काटे गए हैं। फरीदाबाद पुलिस का लगातार प्रयास रहता है कि शहरवासियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।



### केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा, पीएम मोदी ने योग को विश्वपटल पर नई पहचान दिलाई

# योगाभ्यास आधुनिक जीवन की चुनौतियों को सफलता से पूरा करने के लिए तैयार करता

योग की उत्पत्ति सबसे पहले भारत में ही हुई थी इसके बाद यह दुनिया के अन्य देशों में यह लोकप्रिय हुआ। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भारत में योग का इतिहास लगभग 5000 साल पुराना है। शारीरिक रूप से फिट रहने और मानसिक शांति व अध्यात्म के लिए योग आवश्यक है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद/ गुरुग्राम/गाजियाबाद

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भारत में योग का इतिहास लगभग 5000 साल पुराना है। शारीरिक रूप से फिट रहने और मानसिक शांति व अध्यात्म के लिए लोग योग प्राचीनकाल से ही कर रहे हैं। पूरी दुनिया में योग की उत्पत्ति सबसे पहले भारत में ही हुई थी। इसके बाद यह दुनिया के अन्य देशों में लोकप्रिय हुआ। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में जिला स्तरीय 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग का अभ्यास करने के लाभों के बारे में दुनिया भर के लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने और लोगों को अपने दैनिक जीवन के एक भाग के रूप में इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रत्येक योग गतिविधि लचीलापन, ताकत, शारीरीक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन में सुधार की कुंजी है। यह एक ऐसा अभ्यास है जो हमें आधुनिक जीवन चुनौतियों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए तैयार करता है।




### आध्यात्मिक क्षेत्र में भारत का स्थान सर्वश्रेष्ठ

प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि योग मनुष्य के तन और मन को आत्मसात कर एक साथ जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वर्ष 2014 से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा जो पूरे विश्व ने स्वीकार किया है। पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों में योग और आध्यात्मिकता के जरिए भारत का नया परिचय विश्व में दिया है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि जब भी विश्व ने मानवता कल्याण के लिए समग्र स्वास्थ्य और जीवन के लिए आवाज उठाई है तब भारत के प्राचीन ज्ञान की हमेशा चर्चा और सराहना हुई है। दुनिया भर में योग की एक बढ़ती स्वीकृति, इसकी व्यापक लोकप्रियता इसका एक साक्ष्य है।

### शरीर को कर्मशीलता बनाने में माहिर है योग

विधायक राजेश नागर ने कहा कि हम 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे है उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इसके लिए आभार प्रकट किया। कहा कि 200 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने योग को दुनिया में प्रसिद्ध और लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## पुलिस को स्वस्थ व तनाव मुक्त रखने के लिए कराया योग



गुरुग्राम पुलिस के लिए जगह-जगह योग शिविर आयोजित किए। मुख्य कार्यक्रम ताऊ देवीलाल स्टेडियम में किया गया, जिसमें पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा, डीसी निशांत यादव, डीसीपी हेड क्वार्टर, डीसीपी ईस्ट ने योगाभ्यास किया। इस दौरान स्टेडियम में व्यायामशाला का उद्घाटन भी किया गया। वहीं डीसीपी वेस्ट करण गोयल के निर्देशन में एसीपी उद्योग नवीन शर्मा की देखरेख में पुलिस लाइन गुरुग्राम में योग विशेषज्ञों की देखरेख में योग का अभ्यास करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीसीपी ने कहा कि पुलिस कर्मचारियों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया है। पुलिस कर्मचारी अपनी ड्यूटी के दौरान सड़कों पर वाहनों के शोर शराबे और प्रदूषण के बीच गर्मी सहते हुए अपने काम को सच्ची निष्ठा, ईमानदारी और बड़ी लगन से करते हैं। पुलिस कर्मचारी कई प्रकार की समस्याओं और विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए कई बार मानसिक तनाव में आ जाते है। ऐसे में योगाभ्यास उनके लिए बेहद कारगर साबित होगा। इसी प्रकार डीसीपी साउथ सिद्धांत जैन व डीसीपी मानेसर दीपक के नेतृत्व में पुलिस लाइन मानेसर में योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मचारियों को तनाव मुक्त कराने और उनकी जीवन शैली को स्वस्थ बनाने योग दिवस के इन विशेष कार्यक्रमों में योग विशेषज्ञों धर्मेंद्र व मीनाक्षी राना तथा प्रशिक्षक दीपक सागर व भारतपाल ने पूरे विस्तार से वर्णन कर योग से होने वाले फायदे की जानकारी दी । योग प्रशिक्षकों ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से कई प्रकार के योग अभ्यास भी कराए। कार्यक्रमों में थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों, लगभग 450 पुलिस कर्मचारियों तथा पुलिस लाइन में रहने वाले निवासियों ने भाग लिया।

## मोदी युग में योग भारत के साथ साथ विश्व पटल पर पहुंचा



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गाजियाबाद में योग की धूम

गाजियाबाद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगह-जगह योग शिविर आयोजित किए गए। भाजपा के प्रदेश महामंत्री विजय बहादुर पाठक ने महापौर सुनीता दयाल के साथ वीवीआईपी सोसाइटी में पहुंचकर योगाभ्यास किया। पाठक ने कहा कि भारत को पुरातन काल से ही योग में महारथ हासिल है । उसी के फलस्वरूप पीएम नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाकर विश्व के 500 देशों में भारत की मूल विरासत योग को विश्व पटल पर एक नई पहचान के साथ भारत को गौरवान्वित किया है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा- योग से ही मनुष्य तनाव से मुक्त रहकर अपने कार्य करने की क्षमता को बढ़ा सकता है और स्वयं के व्यवहार में भी प्रतिकूल बदलाव महसूस करते हुए नई ऊर्जा के साथ दिनचर्या में व्यस्त रहते हैं । योग आधुनिक जीवन में सभी के लिए आयुष्मान भारत के रूप में आशीर्वाद स्वरूप है। इसी संकल्प के साथ हमें योग अपनाना है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के ने बताया कि सभी 20 मंडलों सहित 22 स्थानों पर उनके स्वयं की उपस्थित के साथ सभी योग के स्थलों पर भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। शर्मा ने विश्व योग दिवस के अवसर पर इसकी महत्ता बताते हुए कहा कि योग न सिर्फ शरीर को बल्कि मन को भी शांति और एकाग्रचित करता है। इसके अभ्यास से शांतिपूर्ण मन से व्यक्ति को समाज कल्याण के लिए बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है।

# आरएसएस 23 को मनाएगा हिंदू साम्राज्य दिवस व शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

### 5000 से अधिक लोगों के भाग लेने की उम्मीद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 23 जून को हिंदू साम्राज्य दिवस एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक उत्सव मनाएगा। यह भव्य आयोजन शाम 5:30 बजे बलिदान पथ नवयुग मार्केट) में होगा। इस तरह का आयोजन पूरे भारत में रायगढ़ के किले और गाजियाबाद जिले मे ही होता है। यह जानकारी संघचालक कैलाश अग्रवाल व महानगर संघ चालक धुरेन्द्र गोयल ने दी। कैलाश अग्रवाल ने बताया कि छत्रपति शिवाजी एक ऐसे साहसी और संकल्पित योद्धा थे, जिन्होंने 17वीं शताब्दी में 'हिंदवी स्वराज्य' के संस्थापक के रूप में ऐतिहासिक कार्य किया। 6 जून, 1674 को अपूर्व भव्यता के साथ, वह छत्रपति, 'सर्वोच्च संप्रभु' के रूप में सिंहासन पर बैठे। छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिससे इस संप्रभु और शक्तिशाली हिंदू साम्राज्य की नींव पड़ी।




गाजियाबाद महानगर के संघचालक धुरेंदर गोयल ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गाजियाबाद महानगर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम समाज के सभी वर्ग उत्सुकता से प्रतीक्षा करते हैं। इस कार्यक्रम में 5000 से अधिक लोग भाग लेने की संभावना है। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के प्राचीन सिद्धपीठ मंदिर श्री दूधेश्वर नाथ पीठ से होती है। जिसमें 1100 माताएं-बहनें पारंपरिक वेशभूषा में कलश के साथ यात्रा आरंभ करती हैं, जो शहर के विभिन्न रास्तों और बाजार से होते हुए बलिदान पथ पर समाप्त होती है। इस यात्रा में छत्रपति शिवाजी महाराज की अतिसुंदर झांकी के साथ 101 खड्गधारी बहनों का संचालन होगा। पूरे कार्यक्रम की देखरेख राष्ट्रीय सेविका समिति के बहनों द्वारा की जाएगी। यात्रा में सबसे आगे 21 बुलेट वाली बहनों का प्रदर्शन रहेगा। यात्रा में कुछ स्थानों पर झांकी की आरती व मंगल गीत की प्रस्तुति होगी। पिछले 6 वर्षो से निरंतर होने वाली इस यात्रा को नगर के लोगों द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया जाता है।

वर्ष 2023 में 20 सड़क दुर्घटनाएं जबकि 2024 में अभी तक मात्र 13

# यातायात पुलिस के अथक प्रयास से सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

### वाहन चालकों को किया जा रहा जागरुक

यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में समय-समय पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए तथा सड़क दुर्घटनाओं वाले संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। इसके बाद उपचारात्मक कदम उठाए गए। इसके अलावा अन्य जरूरी इंतजाम जैसे रोड मार्किंग, रोड साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, सड़क के किनारे ग्रिल लगवाना, बैरिकेड्स जैसे माध्यम से यातायात का डायवर्जन करके यातायात के सुगम संचालन के संदर्भ में पुलिस की ओर से भरसक प्रयास किए गए ।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया डीसीपी ट्रैफिक उषा के नेतृत्व में 2024 में वर्तमान समय तक सड़क दुर्घटनाओं से निजात पाने के लिए लेन चेंज नियमों का उल्लंघन करने वाले 6580 वाहनों के चालान किए गए है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में ब्लैक स्पॉट स्थानों के कारण कुल 20 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी जबकि 2024 में अभी तक कुल 13 सड़क दुर्घटना घटित हुई हैं। इसी प्रकार लेन चेंज नियमों के उल्लंघन के कारण वर्ष 2023 में कुल नौ सड़क दुर्घटनाएं हुई जबकि वर्ष 2024 में अभी तक कुल तीन सड़क दुर्घटना घटित हुई हैं। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं तथा इसके साथ-साथ नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक भी किया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी को सुनिश्चित करके यातायात संचालन को प्रभावी बनाया जा सके।

## मोबाइल फोन छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने बाइक पर सवार होकर मोबाइल फोन छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | डीएचबीवीएन फतेहाबाद में फील्ड हॉस्टल का निर्माण। | 19.06.2024 10.07.2024 | 162.54 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsn@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | विद्युत सदन, डीएचबीवीएन, हिसार में रिसेप्शन एरिया का पुनरोद्धार। | 19.06.2024 10.07.2024 | 40.03 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsn@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएन | ठोस कचरा प्रबंधन नियमों, 2016 राज्य केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड दिशा-निर्देशों हिसार के अनुरूप सामान्य घरेलू पारिवारिक बागवानी ठोस कचरा को घर-घर से एकत्र करना, पृथक्करण, परिवहन, ट्रीटमेंट, प्रसंस्करण और सुरक्षित निपटान हेतु कार्य। | 20.06.2024 15.07.2024 | 33.84 लाख | www.dhbvn.org.in | 9812556095 estateofficerdhbvn@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27024/I/88/7 दि. 21.06.24



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नाहरा, ब्लॉक राई में पार्क का निर्माण। | 21.06.2024 27.06.2024 | 20.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज रोहतक | फिरनी - गांव भालोठ में पूर्व की तरफ बकाया फिरनी आईपीबी का निर्माण + 19 कार्य। | 19.06.2024 25.06.2024 | 257.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | आईपीबी गली का निर्माण, 1. रामानंद पुत्र देईराम के मकान से अट्टका चौपाल तक, 2. राजू पुत्र जस्सी राजपूत के मकान से पप्पू खाती के मकान तक, 3. गांव मोई हुड्डा ब्लॉक गोहाना में शिवचरण पांचाल के मकान से भीम पुत्र हरनारायण तक। | 19.06.2024 28.06.2024 | 6.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा टोहाना | पीपीपी मोड पर बागवानी और जल निकाय कार्यों इत्यादि समेत कल्पना चावला पार्क के सौन्दर्यकरण और लैंडस्केपिंग कार्य हेतु संघटकों के प्रचालन व रखरखाव के लिए एजेंसी के चयन हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295611629 hid.eewstohana@yahoo.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव राजपुर, भिगान कुराड़ इब्राहिमपुर, बारौली, जैनपुर ब्लॉक मुरथल में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | बंद होने की तिथि 25.06.2024 | 79.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 6 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | आईईसी मैटीरियल्स और अन्य प्रिंटिंग मैटीरियल्स इत्यादि की प्रिंटिंग। | 21.06.2024 30.06.2024 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215705859 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 7 | वन विभाग हरियाणा यमुनानगर | 1 एचए पर नर्सरी मियावाकी प्लांटेशन की रेजिंग और न्यू प्लांटेशन। | 20.06.2024 26.06.2024 | 20.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237821 dfo_tyunr@rediffmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | गांव अरदाना में माता जोहड़ी बाहर तालाब को भरने के लिए कौल माइनर के आरडी 1000/एल से भूमिगत आरसीसी पाइप लाइन बिछाना + 3 कार्य। | 19.06.2024 24.06.2024 | 17.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842255291 knldivn335@gmail.com |
| 9 | जिला परिषद फतेहाबाद | जांडली खुर्द से भुथान कलां तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी एच 1015) + 3 कार्य। | 20.06.2024 10.07.2024 | 375.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव धमान ब्लॉक मोरनी में धर्मशाला के निकट आर/वॉल हेतु निर्माण, गांव चपलाना जी.पी. टिपरा ब्लॉक मोरनी पीआर में आर/वॉल और गली हेतु मरम्मत। | 20.06.2024 26.06.2024 | 3.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | रामपुरा ढिल्लों :- 400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप इनलेट चैनल बिछाना, एक अदद स्टोरेज और सैडीमेंटेशन टैंक औसत आकार :- 95.00'×173.00'×12.00', एक अदद आरसीसी हाई लेवल टैंक आकार 12'×18', 1 अदद आरसीसी फिल्टर बैड आकार 12'×18' का निर्माण, हैड वर्क्स पाइप लाइन बिछाना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग और स्नोसेम, सी.सी. रोड और पथ तथा रामपुरा ढिल्लों में उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | 20.06.2024 04.07.2024 | 103.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 12 | पंचायती राज झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव बादल, ब्लॉक झोझू कलां, जिला चरखी दादरी में आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत + 11 कार्य। | 19.06.2024 27.06.2024 | 33.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव मंगलेश्वर, ब्लॉक बावल, रेवाड़ी में व्यायामशाला का निर्माण (एचजीवीवाई) + 11 कार्य। | 20.06.2024 27.06.2024 | 634.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज फतेहाबाद | सलाम खेड़ा - गांव सलाम खेड़ा, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में जी/घाट में शवदाह शैड का निर्माण। (एचजीवीवाई) + 5 कार्य। | 20.06.2024 28.06.2024 | 399.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिला (ग्रुप-1) में हैड 5054 के तहत जीन्द निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद सड़कों की विशेष मरम्मत, 1. पटियाला चौक से नरवाना रोड बाई-पास वाया क्राइस्ट राजा पब्लिक स्कूल (रोड आईडी 11849), 2. पटियाला चौक से हरि कृष्ण मंदिर रोड (रोड आईडी 10085), 3. इक्कस से जलालपुरा रोड (रोड आईडी 6623), 4. संगतपुरा अप्रोच रोड (रोड आईडी 6619)। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 435.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098053 pwdeepdjind@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिला (ग्रुप-2) में हैड 5054 के तहत जीन्द निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद सड़कों को चौड़ा करना, मजबूतीकरण और विशेष मरम्मत, 1. दालमवाला से खुंगा समेत बरसाना अप्रोच रोड (रोड आईडी 6645), 2. अमरहेड़ी मंदिर अप्रोच रोड (रोड आईडी 6649), 3. जीन्द हांसी रोड से राजपुरा - इंताल खुर्द से जजवान रोड (रोड आईडी 6624), 4. जीन्द-सफीदों से पिंडारा रोड (रोड आईडी 6606)। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 360.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098053 pwdeepdjind@gmail.com |
| 17 | बीपीएसजीएमसी फॉर वीमेन खानपुर कलां, सोनीपत | मेडिकल गैस पाइप लाइन सिस्टम का सीएमसी और सहायक कार्य। | 22.06.2024 08.07.2024 | 40000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा, कबीर चौपाल, ब्लॉक टोहाना में टाइल फ्लोरिंग और आयरन शैड का निर्माण, एमपीएलएडी + 7 कार्य। | 19.06.2024 26.06.2024 | 32.4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज फतेहाबाद | सहीदांवाली - गांव सहीदांवाली ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण एचजीवीवाई + 3 कार्य। | 14.06.2024 25.06.2024 | 295.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव इमलोटा, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में एससी चौपाल का निर्माण (जैडपी) + 6 कार्य। | 19.06.2024 26.06.2024 | 44.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 21 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव संतोर, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में व्यायामशाला में वॉकिंग ट्रैक की पेवमेंट + 9 कार्य। | 18.06.2024 25.06.2024 | 92.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 22 | पंचायती राज कलानौर, रोहतक | ***पंचायत समिति के तहत गांव खरैंटी में संदीप पुत्र चन्द्रभान से सतबीर पुत्र प्रकाश तक फील्ड नाली का निर्माण। | 19.06.2024 04.07.2024 | 10.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 23 | पंचायती राज बरवाला, पंचकूला | बरवाला - गूगा मडी, खैरवाली के निकट पानी की टंकी का निर्माण, परवाला - एस/घाट के निकट ओपन ग्राउंड में पानी की टंकी का निर्माण और श्यामतू :- ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में रणबीर के मकान से हेमराज के मकान तक नाला का निर्माण। | 18.06.2024 25.06.2024 | 4.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co.in |
| 24 | पंचायती राज एफ.पी. झिरका नूह | गांव बघोला, ब्लॉक फिरोजपुर झिरका डिवीजन नूह में मुबारिक पुत्र इस्लाम के मकान से अजीम पुत्र एएएस मोहम्मद तक रास्ता का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 20.06.2024 27.06.2024 | 4.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991314714 sdoprjhirka@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज पिनांगवान नूह | गांव बाजिदपुर, ब्लॉक पिनांगवान, जिला नूह, हरियाणा में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण, (वीएएनजीवाई)। | 20.06.2024 27.06.2024 | 6.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 26 | पंचायती राज पिनांगवान नूह | ब्लॉक समिति पिनांगवान 20 अदद, गांव पिनांगवान में 4 अदद, बादेड 8 अदद, रिथाट 8 अदद, पानी की टंकी का निर्माण + 4 कार्य। | 20.06.2024 27.06.2024 | 25.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 27 | पंचायती राज एफ.पी. झिरका नूह | गांव बसई मेव स्कीम (25511) ब्लॉक एफ.पी. झिरका 122104 में कब्रिस्तान की चारदिवारी + 2 कार्य। | 20.06.2024 27.06.2024 | 14.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991314714 sdoprjhirka@gmail.com |
| 28 | पंचायती राज सोनीपत | गांव महीपौर, ब्लॉक सोनीपत में ड्रेन नं. 6 से पनघट कुई तक बीओई का निर्माण + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2024 | 104.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 29 | पंचायती राज सोनीपत | गांव छिछड़ाना, ब्लॉक कथूरा में बस स्टैंड से मिर्जापुर खेड़ी लोनिवि रोड तक आईपीबी फिरनी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 27.06.2024 | 60.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 30 | वन विभाग हरियाणा सिरसा | डीएफओ कार्यालय सिरसा की विशेष मरम्मत। | 27.06.2024 28.06.2024 | 3.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/600/27054/I/88/7 दि. 21.06.24

## यूपी में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योगाभ्यास कर मनाया

# निरोगी रहने का संकल्प लेकर लोगों ने किया योग, सीएम बोले- ये है मानवता के अनुकूल

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास समारोह में सम्मिलित हुए और योगाभ्यास किया। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि योग मानवता के अनुकूल है, जो देश, समाज, काल परिस्थितियों से बाधित होकर के भी संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। इस कार्य के साथ यदि हम जुड़ते हैं और संपूर्ण मानवता को जोड़ते हैं तो यह पूर्वजों और विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा कही जाती है। अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में लोगों ने पार्कों और खुले स्थानों पर एकत्र होकर योग किया और निरोगी होने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला प्रशासन की तरफ से भी योग शिविर लगाए गए थे।

कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने श्रीनगर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान उनकी बातों को भी सुना। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई और फिर राजभवन गीत का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को तुलसी का पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रांगण में बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षकगणों ने पूरे उत्साह से सामूहिक योगाभ्यास में किया।

**योग सभी के लिए, इसमें कोई भेदभाव नहीं, इसे अभ्यास का हिस्सा बनाएं**



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल निवास पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में योग किया।

### पूर्वजों व विरासत के प्रति इससे बड़ा सम्मान और कोई नहीं

सीएम योगी ने कहा कि ये अवसर हमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदान किया है, जिनके विजन और प्रयासों का परिणाम है कि आज दुनिया के लगभग पौने दो सौ देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के साथ जुड़कर भारत की इस विरासत के साथ खुद को जोड़कर के हमारी संस्कृति और परंपरा को गौरवान्वित करने का प्रयास करेंगे। अपनी परंपरा और पूर्वजों व विरासत के प्रति इससे बड़ा सम्मान और कोई नहीं हो सकता।

### काया स्वस्थ है तो मन स्वस्थ

सीएम योगी ने कहा कि योग एक संपूर्ण विधा है जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है। भारतीय मनीषा भी इसी बात को कहती है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम, अर्थात कार्य तभी पूर्ण हो सकते हैं जब आपका शरीर साथ हो। काया स्वस्थ है तो मन स्वयं ही स्वस्थ हो जाएगा। सभी योग का अभ्यास करके खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकते हैं।

### योग को बनाएं अपनी दिनचर्या का हिस्सा

सीएम योगी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिस थीम 'योग सबके लिए' के साथ दुनिया में आयोजित हो रहा है, इसका अर्थ है कि इसमें कोई भेद नहीं है। इसमें जाति का भेद नहीं है, क्षेत्र का, भाषा का, काल का, देश का भेद नहीं है। योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं। एक समय आपको स्वयं अहसास होगा कि जो भी समय आपने योग के लिए समर्पित किया है वो आपके स्वस्थ और दीर्घ जीवन के लिए, आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति उत्तम रहा है।



सीएम योगी आदित्यनाथ योग मुद्रा में।



यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ में योग करते हुए।



यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ में योग करते हुए।



वाराणसी में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज की महिलाओं ने योग कार्यक्रम में भाग



मेरठ से भाजपा सांसद अरुण गोविल ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में योग किया। उनके साथ अन्य लोगों ने भी योग किया।



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्ष बलों के जवानों ने आगरा स्थित ताजमहल के सामने योगासन किया।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बिहार की राजधानी पटना में योग किया।

**खबर संक्षेप**

### अभय कुशवाहा आरजेडी संसदीय दल के नेता



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव ने बिहार के औरंगाबाद से चुनाव जीतकर सांसद बने अभय कुशवाहा को लोकसभा में आरजेडी संसदीय दल का नेता बनाया है। वहीं, जहानाबाद से सासंद सुरेंद्र यादव को आरजेडी का मुख्य सचेतक मनोनीत किया गया है। राज्यसभा में फैयाज अहमद अब आरजेडी संसदीय दल के नेता होंगे। वे मीसा भारती की जगह लेंगे। पहली बार सांसद बने अभय कुशवाहा को बड़ी जिम्मेदारी देने को लेकर सिसायी गलियारे में चर्चा का दौर शुरू हो गया है। मीसा भारती को इस बार संसद में कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है।

**नीट पेपर लीक में आया रवि अत्री का नाम**

# मेरठ जेल में बंद है यूपी पुलिस भर्ती लीक का मास्टरमाइंड

एजेंसी ▶▶ पटना

नीट पेपर लीक मामले में रोजाना नए खुलासे होते जा रहे हैं। अब इस केस में रवि अत्री गैंग का नाम सामने आया है। रवि अत्री यूपी की मेरठ जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि उसके गैंग ने पटना और नालंदा के बॉर्डर से नीट परीक्षा का पेपर लीक करवाया था। उसका नाम यूपी में कई परीक्षाओं के पेपर लीक में पहले आ चुका है। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक का वह मास्टरमाइंड है। बिहार की आर्थिक अपराध ईकाई के एडीजी नैय्यर हसनैन को शिक्षा मंत्रालय और केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से तलब किया गया है। इस मामले में बिहार की ईओयू की टीम जांच कर रही है। ईओयू ने ही सरकारी गेस्ट हाउस में परीक्षार्थियों को नीट पेपर रटाए जाने का खुलासा आरोपियों के पकड़ने के बाद किया है।



ईओयू को इस बारे में सबूत मिले हैं। पटना और नालंदा बॉर्डर से पेपर लीक कराया गया था। उसके बिहार में दो गुर्गे हैं, इनका नाम अतुल वत्स और संजीव मुखिया है। अतुल मूलरूप से जहानाबाद जिले का रहने वाला है, वो फरार है। संजीव मुखिया को ईओयू गिरफ्तार कर चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक पटना और नालंदा की सीमा से नीट का पेपर लीक होने के सबूत ईओयू को मिले हैं। बताया जा रहा है कि परीक्षा से एक दिन पहले ही सॉल्वर गैंग को नीट का पेपर मिल गया था। पटना के एक स्कूल और हॉस्टल में नीट अभ्यर्थियों को जमा कर उनसे प्रश्न पत्र रटवाया गया। रांची के भी एक कॉलेज में छात्रों से पेपर हल करवाने की जानकारी सामने आई है।

### कौन है रवि अत्री?

रवि अत्री ग्रेटर नोएडा के लिम्का गांव का रहने वाला है। वह 2007 में मेडिकल की तैयारी करने कोटा गया था, लेकिन वहां सॉल्वर गैंग के संपर्क में आ गया। इसके बाद उसने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और वह पेपर लीक और परीक्षा में धांधली के कामों में लग गया। 2012 में उसने हरियाणा का प्री मेडिकल टेस्ट पास किया था और एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए रोहतक के पीजीआई में एडमिशन लिया। हालांकि, उसने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। रवि अत्री पहले भी मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम का पेपर लीक करवा चुका है। उसका नाम 2012 में एसबीआई की स्टेनोग्राफर परीक्षा के पेपर लीक में भी आया था। उस वक्त दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# लकड़ी माफिया ने वन विभाग के दारोगा को ट्रक से रौंदा

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

बिहार में बालू, पत्थर के तर्ज पर लकड़ी का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बैरिया-पुरानी मोतिहारी रोड में लकड़ी लदे ट्रक को रोकने पर ट्रक चालक ने वन विभाग के दारोगा को रवि शंकर श्रीवास्तव रौंद दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गया। दारोगा गंभीर रूप से जख्मी हो गए।



स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए बैरिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। अहियापुर पुलिस ट्रक की पहचान कर उसे पकड़ने की कार्रवाई में जुट गई है। इलाके के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि उस ट्रक का सुराग मिल सके। इधर वन विभाग भी इस घटना के बाद और एक्टिव हो गया है। मुजफ्फरपुर वन प्रमंडल के सभी आधिकारियों को छापेमारी का निर्देश दिया गया है।

## पेज एक का शेष

### 'दुनिया' में योग...

में नजर आए, लोगों ने ताली बजाकर उनका अभिवादन किया। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया योग की शक्ति को मानती है। विश्व योग को वैश्विक भलाई के लिए एक शक्तिशाली एजेंट के रूप में देखता है। यह लोगों को अतीत के बोझ को ढोए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग ने लोगों को यह अहसास दिलाया है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। जब हम अंदर से शांत होते हैं, तो हम दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव भी डाल सकते हैं। योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए तरीके बना रहा है। मैं जहां भी जाता हूं, शायद ही कोई (अंतरराष्ट्रीय) नेता हो जो मुझसे योग के लाभों के बारे में बात न करता हो। पीएम मोदी ने तुर्कमेनिस्तान, सऊदी अरब, मंगोलिया और जर्मनी का उदाहरण देते हुए कहा कि कई देशों में योग लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है। ध्यान का यह प्राचीन रूप वहां तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने 101 वर्षीय फ्रांसीसी महिला चार्लोट चोपिन का भी जिक्र किया, जिन्हें अपने देश में योग को लोकप्रिय बनाने में उनकी सेवाओं के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। पूरी दुनिया में योग दिवस को मनाया गया।

**समंदर के बीच, आईएनएस तरकस पर योग:** भारतीय सेना भी इसमें पीछे नहीं है। तीनों सेनाओं (जल, थल और नौसेना) ने योग दिवस को मनाया। भारतीय नौसेना के जवानों ने योग दिवस पर आईएनएस तरकश, आईएनएस तेग आदि पर योगासन किया। आईएनएस तरकश पर नौसैनिक सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग आसन करते नजर आए। भारतीय सेना के जवान हिमालय पर भी योग की अलख जगाते दिखे।

**बारिश के चलते बदलना पड़ा समारोह स्थल:** डल झील के किनारे स्थित एसकेआईसीसी (शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र) के परिसर में पहले मुख्य समारोह का आयोजन होना तय था। लेकिन सुबह हुई तेज बारिश के चलते कार्यक्रम को एसकेआईसीसी के हॉल में शिफ्ट किया गया। ऐसे में कार्यक्रम करीब एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। हालांकि, समारोह के शुरू होने के साथ ही कुदरत भी मेहरबान हुई और बारिश रुकी। इसके बाद डल झील के किनारे उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के साथ योग कर यादगार पलों के साक्षी बने।

**जवानों का दिखा उत्साह...**आईटीबीपी के जवानों ने सिक्किम में 15,000 फीट उंचाई पर किया योगः लेह के पैंगोंग त्सो में आईटीबीपी के जवानों ने योग किया। आईटीबीपी के जवानों ने सिक्किम के मुगुथांग सब सेक्टर में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर योग किया। भारतीय सेना के जवानों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 पर उत्तरी सीमा पर बर्फीली ऊंचाइयों पर योग किया। सेना के जवानों ने पूर्वी लद्दाख में भी योग किया।

### रक्षा मंत्री ने मथुरा ...

दुनिया भारत की इस महान सांस्कृतिक विरासत को उत्साह के साथ स्वीकार कर रही है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में योग विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण बिंदु है। यह दिवस एक प्रकार से योग के लिए उत्साहित और प्रेरित करने का दिन है।

**सशस्त्र सेनाओं ने किए योगासन:** भारतीय सेना, वायुसेना, नौसेना और तटरक्षक बल के जवानों और कर्मियों ने राजधानी समेत देश के अलग-अलग इलाकों में योगाभ्यास किया। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मथुरा, वायुसेनाप्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर चौधरी और नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने दिल्ली में योगासन किए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट में सशस्त्र सेना के अंगों ने जम्मू-कश्मीर (चीन-पाक सीमा से लगे इलाकों) से लेकर कन्याकुमारी तक और अरुणाचल प्रदेश से लेकर गुजरात तक देश के तमाम इलाकों में तैनात सैन्यकर्मियों के योग आसन करते हुए अनोखी तस्वीरें और वीडियो साझा किए।

### चीन को आर्थिक...

खूनी संघर्ष में कर्नल संतोष बाबू समेत 20 भारतीय सेना के जवान शहीद हो गये थे। चीनी सेना पीएलए के भी दर्जनों जवान मारे गये थे।

### अभी जेल में ही रहेंगे...

मंगलवार को फैसला सुना सकता है। हाईकोर्ट ने काउंसिल को कहा है कि वो सोमवार तक लिखित में अपनी दलील दे। दिल्ली हाईकोर्ट ने पीएमएलए मामले में जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया। केजरीवाल शराब घोटाले से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में जेल में हैं।

### तो फिर जज को ...

सुप्रीम कोर्ट के दस फैसले हैं कि जमानत रद्द करना जमानत देने से बिल्कुल अलग होता है। सिंघवी ने कहा कि ईडी पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है। निचली अदालत मे यह मामला पांच घंटे तक चला। राजू ने करीब 3 घंटे 45 मिनट का समय लिया और फिर ट्रायल जज पर दोष लगाया गया क्योंकि उन्होंने हर कॉमा और फुल स्टॉप को दोहराया नहीं। सिंघवी ने हाईकोर्ट में दलील दी कि ईडी को लगता है कि चूंकि सीएम का मामला है तो घंटों सुना जाना चाहिए। और जज को निबंध लिखना चाहिए।

### नई दिल्ली पहुंची...

राजकीय यात्रा हमारे घनिष्ठ और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। हमारी विशेष साझेदारी के आगे विकास पर उनके मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की भारत यात्रा 21 से 22 जून तक की है। इसमें शनिवार को उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए सभी जरूरी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट करेंगी।

### पीएम मोदी की घोषणा...

20 अगस्त तक अपडेट करनी होगी वोटर लिस्टः वोटर लिस्ट अपडेट की प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी और 20 अगस्त को समाप्त होगी। ऐसे में साफ है कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव 20 अगस्त के बाद ही होंगे। तीनों राज्यों में मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर 2024 और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होने जा रहा है और इन विधानसभाओं के चुनाव उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले कराए जाने आवश्यक हैं। इसके अलावा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू कश्मीर की नवनिर्वाचित सरकार बनाने के लिए विधानसभा चुनाव भी कराए जाने हैं।

हरियाणा सरकार
समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना
के तहत वृद्धाश्रम संचालन हेतु
इच्छुक और गैर–सरकारी संगठनों, स्वैच्छिक संगठनों, ट्रस्ट, सोसाइटियों, कॉर्पोरेट से
रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित
वृद्ध आश्रम हरियाणा सरकार के स्वामित्व वाले निम्नलिखित भवनों में होंगे संचालित
परिभाषित मानदंडों के अनुरूप
- जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, सेक्टर-4, एच.एस.वी.पी., गुरुग्राम।
- डे केयर सेंटर, सेक्टर 14, एच.एस.वी.पी., मुख्य बस स्टैंड के पीछे, हिसार।
- वरिष्ठ नागरिक क्लब, सेक्टर 20, एच.एस.वी.पी., नज़दीक पुलिस स्टेशन, सिरसा।
- डे केयर सेंटर, सेक्टर 7, एच.एस.वी.पी., नज़दीक पुलिस स्टेशन, सोनीपत।
- डे केयर सेंटर, सेक्टर 17, एच.एस.वी.पी., नज़दीक स्वामी विवेकानंद स्कूल, जगाधरी, यमुनानगर।
आवेदन करने हेतु एवं अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट www.socialjusticehry.gov.in पर जाएं अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें
वृद्धजनों की देखभाल तत्पर है हरियाणा सरकार
आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून, 2024
सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



# रोहित शेट्टी ने खुद किया खतरनाक स्टंट

**नई दिल्ली।** खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा रहे हैं। इसी बीच इंटरनेट पर रोहित शेट्टी ने खुद स्टंट करते हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट कर दी हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का हर सीजन दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आता है। इस सीजन में भी फैंस को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। सामने आ रही शूटिंग की तस्वीरों और वीडियोज के आधार पर कहा जा सकता है कि यह सीजन काफी मुश्किल रहने वाला है। क्योंकि, अभी तक कई एक्टर्स के टास्क करने की कोशिश में जख्मी होने या फिर किसी कीड़े के काटे जाने की खबरें आ चुकी हैं।

लाइफStyle

# ईशा कोपिकर

## झेल चुकी हैं कास्टिंग काउच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ईशा कोपिकर, जिन्होंने फिजा फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने हाल ही में अपने कास्टिंग काउच के एक्सपीरियंस को शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैं 18 साल की थी। जब एक सेक्रेटरी और एक एक्टर ने मुझे कास्टिंग काउच के लिए अप्रोच किया। उन्होंने कहा कि आपको काम के लिए एक्टर्स के साथ फ्रेंडली होना पड़ेगा।



मैं बहुत फ्रेंडली हूं। लेकिन उस फ्रेंडली का मतलब क्या है। मैं इतनी फ्रेंडली हूं कि एकता कपूर ने एक बार मुझसे कहा था कि थोड़ा एटिट्यूड रखा करो। आगे एक्ट्रेस ने कहा, 'जब मैं 23 साल की थी, तो एक ए लिस्ट एक्टर ने मुझसे अकेले में मिलने के लिए कहा, मेरे ड्राइवर या किसी और के बिना, क्योंकि उसके बारे में अफ़वाहें थीं कि वह दूसरी एक्ट्रेसेस के साथ संबंध रखता है। उसने कहा, 'मेरे बारे में पहले से ही विवाद हैं, और कर्मचारी अफ़वाहें फैलाते हैं।' लेकिन मैंने मना कर दिया और उससे कहा कि मैं अकेले नहीं आ सकती। वह हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री का एक ए-लिस्ट अभिनेता था।'

एक इंटरव्यू में ईशा कोपिकर ने कहा, 'मैंने हीरो को फ़ोन किया, जिसने मुझे अकेले में मिलने के लिए कहा था। उस समय, उस पर बेवफाई का आरोप लगाया जा रहा था, इसलिए उसने मुझे अपने स्टाफ को छोड़कर उससे मिलने के लिए कहा गया।' उसके बाद ईशा ने बताया कि उसने प्रोड्यूसर को फ़ोन किया और कहा कि उसे 'प्रतिभा और लुक के कारण चुना गया है और अगर इससे मुझे अच्छा काम मिल सकता है, तो यह काफी अच्छा है।' गौरतलब है कि ईशा कोपिकर 90 के दशक में बतौर मॉडल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मराठी फिल्मों में काम किया है।

हॉलीवुड मसाला



## नशे में धुत पाए गए रैपर


# ट्रैविस स्कॉट

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर, गायक और गीतकार ट्रैविस स्कॉट को मियामी क्षेत्र से गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। गायक पर अव्यवस्थित नशा और अतिक्रमण का आरोप लगा है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, रैपर को मियामी में नशे में धुत होने और अतिचार के आरोप में गुरुवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन्हें जल्द ही रिहा भी कर दिया गया, लेकिन इसके लिए उन्हें रकम चुकानी पड़ी। जेल रिकॉर्ड से यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने 650 डॉलर (तकरीबन 55 हजार रुपये) का बॉन्ड जमा किया, जिसके बाद उन्हें रिहाई मिल गई।



# ऑस्कर की श्रेणी में शामिल हो सकता है सर्वश्रेष्ठ स्टंट का पुरस्कार?

**लॉस एंजिलिस।** ऑस्कर फिल्म जगत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। 1927 में पहली बार इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था और साल 2028 में इसके 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में ऑस्कर अवॉर्ड देने वाली संस्था एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा कुछ खास तैयारियां की जा रही है और आने वाले दिनों में जो आयोजन होंगे उसमें कुछ बड़े बदलाव भी होने जा रहे हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के सीईओ बिल क्रेमर ने हाल ही में एक साक्षात्कार दिया। इसमें उनसे पूछा गया कि क्या वो सर्वश्रेष्ठ स्टंट के लिए भी ऑस्कर पुरस्कार देने पर विचार कर रहे हैं। जवाब में, क्रेमर ने कहा कि इस बारे में उनकी प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा के साथ बातचीत चल रही हैं। एकेडमी का एबीसी के साथ जो समझौता है उसके तहत मात्र 23 श्रेणियों के पुरस्कारों को ही टीवी पर दिखाया जाता है।



# किआरा की सिंगिंग सुन कर लेंगे तौबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के एक्टिंग के जौहर तो आपने कई फिल्मों में देखे होंगे। गजब तो तब हो गया जब कियारा ने अपना सिंगिंग टैलेंट दिखाया। वो भी ऐसी वैसी जगह नहीं कियारा ने इंडियन आइडल के ग्रैंड फिनाले पर उन्हीं के मंच पर आकर तीन फाइनलिस्ट के लिए ऐसा गाना गाया कि जज अनु मलिक से लेकर वहां मौजूद ऑडियंस का चेहरा देखने लायक था। हम शर्त लगा कर कह सकते हैं कि ये वीडियो देखने के बाद आप यकीनन चाहत फतेह अली खान को उनके बदो बदी गाने के लिए माफ कर देंगे। उनका गाना तो एक बार आपकी जुबान पर चढ़ जाएगा लेकिन कियारा का गाना सुनने के बाद अनु मलिक और खुद सिद्धार्थ मल्होत्रा के चेहरे पर जो एक्सप्रेशन थे वो देखने लायक थे। ये वीडियो दो साल पुराना है। इसमें सिद्धार्थ और कियारा बतौर जज शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचे थे।



# पैपराजी पर भड़के जैकी आया गुस्सा?

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ अपने सरल स्वभाव और चटपटी बोली के लिए जाने जाते हैं। उनके चाहने वाले उनके पीछे-पीछे उनके साथ निकल पड़ते हैं। अब हाल ही में, दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ शुक्रवार को मुंबई में बाहर निकलते ही पैपराजी द्वारा घेर लिए गए, और वह उन्हें सलाह देते हुए देखे गए, साथ ही उनसे दूरी बनाए रखने और भीड़ इकट्ठा न करने के लिए भी कहा। उन्होंने पैपराजी से यह भी कहा कि वे चिल्लाएं नहीं, क्योंकि इससे दिल की समस्या हो सकती है। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जैकी को अपने खास अंदाज में पैपराजी से बात करते हुए देखा जा सकता है। दरअसल योग दिवस पर पैपराजी और मीडिया ने उन्हें और उनकी कार को घेर लिया था। जैसे ही पैपराजी ने उनका नाम पुकारा, उन्होंने कहा, 'सांस ले लंबा सांस ले। शांति!

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस' ओटीटी 3 में नजर आएंगे साई केतन राव

नई दिल्ली। 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के प्रतिभागियों का खुलासा होना शुरू हो गया है। इस कड़ी में अगले प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं, बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो 'मेंहदी है रचने वाली' में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'चाशनी' और 'इमली' जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने 'थ्री हाफ बॉटल्स', 'लव स्टूडियो', 'लवली', 'अहम ब्रह्मास्मि', 'स्ट्रेंजर्स' आदि सीरीज में काम किया है। टीवी शो और वेब सीरीज के अलावा उन्होंने कुछ तेलुगु शॉर्ट मूवीज में भी काम किया है। उन्होंने सबसे पहले साल 2016 में तेलुगु शॉर्ट फिल्म 'डेविल इन डिसगाइज' में काम किया। इसके बाद वह तेलुगु फिल्म 'नेने राजू नेने मंत्री' में काम किया। इसके अलावा वह एक बॉक्सर भी हैं। साई स्टेट लेवल पर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भी हिस्सा ले चुके हैं। अब वह 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के साथ एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# इस हादसे की वजह से बदल गई थी सना की जिंदगी

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री सना मकबूल खान इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे इस बार 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' में ग्लैमर का




तड़का लगाती नजर आने वाली हैं। सना मकबूल के फैंस उन्हें घर में देखने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सना मकबूल खान टीवी की दुनिया का चमकता हुआ नाम है। वे टीवी के अलावा तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सना मकबूल खान कई हिट शो का हिस्सा रह चुकी हैं। वे 'कितनी मोहब्बत 2', 'इस प्यार को क्या नाम दूं' और 'आदत से मजबूर' जैसे शो में काम कर चुकी हैं। सूत्रों की मानें तो सना को हेपेटाइटिस हो गया था। इस वजह से उन्हें अपने कई शो से भी हाथ धोना पड़ा था। वहीं अब वे एक बार फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। सना मकबूल खान लंबे समय के बाद 'बिग बॉस ओटीटी 3' से वापसी करने जा रही हैं।

*एक्शन में साउथ की ये एक्ट्रेस पुष्पा और केजीएफ से भी निकली आगे*

# रेचेल का धांसू टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** हनी रोज की फिल्म रेचेल का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर ने इशारा कर दिया है कि फिल्म जबरदस्त मारधाड़ और खून-खराबा देखने को मिलेगा। आनंदिनी बाला रेचेल के साथ डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रही है। इस टीजर से इशारा मिल जाता है कि हनी रोज को एकदम नए अंदाज में पेश किया जाएगा और उनके एक्टिंग के हुनर का भरपूर फायदा भी उठाया जा रहा है। फिल्म में बाबू राज, कलाभवन शाजोन, रोशन बशीर, चंदू सलीमकुमार, राधिका राधाकृष्णन, जाफर इडुक्की, विनीत थट्टिल, जोजी, दिनेश प्रभाकर, पॉली वलसन, वंदिता मनोहरन जैसे कलाकार भी हैंरेचेल मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार है। रेचेल का टीजर देखकर फैन्स




जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। एक फैन ने हनी रोज की तारीफ करते हुए लिखा है कि हनी रोज यहां सिर्फ एक्टिंग नहीं कर रही हैं, बल्कि वो इस कैरेक्टर को जी रही हैं। इसे देखकर रोंगटे खड़े हो गए। वहीं एक कमेंट आया है कि यह फिल्म हनी रोज की सबसे बेहतरीन फिल्म होगी। फिल्म देखने का इंतजार है। यहीं यूट्यूब पर इसके बैकग्राउंड म्यूजिक को लेकर भी जमकर कमेंट आ रहे हैं। इस तरह फैन्स को अब इंतजार है तो रेचेल के ट्रेलर का। साउथ की एक्ट्रेस हनी रोज का पूरा नाम हनी रोज वर्गीज है। हनी मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। 2023 में हनी रोज ने 'वीरा सिम्हा रेड्डी' के साथ तेलुगू फिल्मों में कदम रखा और धूम मचा दी।

# बॉलीवुड सुपरस्टार की बिग बजट फिल्म साबित हुई डिजास्टर


**नई दिल्ली।** बिग बजट की फिल्में इस उम्मीद से बनाई जाती हैं कि बॉक्स ऑफिस पर उतरते ही ये मूवीज अपना कमाल दिखाएंगी और मेकर्स ने फिल्म को बनाने के लिए जो बड़ा अमाउंट खर्च किया होता है। उसकी लागत वसूलने की भी उम्मीद होती है। साथ ही मुनाफा कमाने की भी ख्वाहिश होती है। लेकिन हर फिल्म उस उम्मीद पर खरी नहीं उतरती।इसका उदाहरण है आशुतोष गोवारीकर की वो फिल्म जिसे बनाने के लिए उन्होंने सौ करोड़ से ज्यादा रुपए फूंक दिए। अकेले हीरो ने ही फिल्म के लिए 68 करोड़ रुपए की फीस ली। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई और डिजास्टर साबित हुए। ये फिल्म थी मोहनजो दारो। जो आशुतोष गोवारीकर ने डायरेक्ट की थी। ऋतिक रोशन, पूजा हेगड़े और कबीर बेदी, इसमें लीड रोल में थे। पूरी फिल्म बनाने में आशुतोष गोवारीकर ने करीब 115 करोड़ रुपए खर्च किए थे। आईएमडीबी के मुताबिक, इस बजट में 68 करोड़ रुपए सिर्फ ऋतिक रोशन की ही फीस थी। फिल्म 206 में रिलीज हुई थी।लेकिन उनका करिश्मा भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कोई कामयाबी नहीं दिलवा सका। ऋतिक रोशन की ये फीस उस समय के हिसाब से किसी हीरो की सबसे ज्यादा फीस थी। फिल्म की कहानी मोहनजो दारो सिविलाइजेशन



के इर्द गिर्द घूमती है। उस दौर को रचने के लिए आशुतोष गोवारीकर ने सेट्स और कॉस्ट्यूम्स पर बहुत पैसा खर्च किया। फिल्म की कहानी एक युवा से शुरू होती है जिसे सपने में यूनिकॉर्न दिखता है। और उसकी तलाश में वो मोहनजो दारो तक आ जाता है। जहां के लोगों को शासक के जुल्मों सितम से बचाने के लिए वो लंबी लड़ाई लड़ता है। उसके बाद एक नई सभ्यता का उदय होता है। फिल्म की कहानी दर्शकों के गले नहीं उतर सकी थी और फिल्म की जबरदस्त हाइप होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस सिर्फ 100 करोड़ रुपए ही कमा सकी थी।

# फिल्म इंडस्ट्री के वो स्टार्स जिन्होंने बदले अपने असली नाम

*मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर्स की पहचान उनके नाम से होती है। आज फिल्म इंडस्ट्री में कई नाम ऐसे हैं जिसे हर कोई जानता है। हालांकि, ऐसे कई एक्टर्स हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में आने से पहले अपने नाम को बदला। आज हम आपको उन एक्टर्स के असली नाम बता रहे हैं।*



### शाहरुख खान

किंग खान, बादशाह, रोमांस किंग...ये कुछ नाम हैं जो शाहरुख खान के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। ये नाम उनको उनके फैंस और इंडस्ट्री में अपने काम पर मिले, लेकिन क्या आप जानते हैं शाहरुख खान का असली नाम कुछ और था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान की नानी ने उनका नाम अब्दुल राशिद खान रखा था। बाद में, उनके पिता ने उनका नाम बदल कर शाहरुख कर दिया था।

### सलमान खान

आपको जानकर हैरानी होगी की सलमान खान का असली नाम अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान था। सलमान खान का ये नाम उनके पिता सलीम खान और दादा अब्दुल रशीद खान के नाम से मिलकर बना है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्मों में आने के बाद उन्होंने अपना नाम सलमान खान कर लिया था। आज पूरी दुनिया उन्हें सलमान खान के नाम से जानती है।





### रेखा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा ने अपने वक्त में बहुत सी हिट फिल्में दी हैं। वो आज भी एक जानामाना नाम हैं और हर कई उनकी सुंदरता की तारीफ करता है। क्या आप जानते हैं रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेश है। उन्होंने फिल्मों में काम करने के लिए अपने नाम को छोटा करके रेखा रख लिया था।

### अक्षय कुमार

अक्षय कुमार का असली नाम राजीव भाटिया था। उन्होंने फिल्मों में आने के बाद अपना नाम बदला। एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने बताया था कि फिल्म 'आज' में लीड रोल कुमार गौरव निभा रहे थे। फिल्म में उनके किरदार का नाम अक्षय था। एक दिन उन्हें पता नहीं क्या हुआ वो कोर्ट गए और अपना नाम अक्षय कुमार कर लिया।



### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी को कौन नहीं जानता। हर कोई इस नाम से वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिल्पा शेट्टी का ये असली नाम नहीं है। शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनका नाम उनकी मां ने चेंज किया था। शिल्पा की मां एक एस्ट्रोलॉजर हैं और उन्होंने बेटी का करियर बनाने के लिए नाम बदलने का फैसला किया था।



# अयोध्या में बोले सीएम डॉ. यादव- सनातन संस्कृति के अनुकूल काम कर रही सरकार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को दिल्ली से अयोध्या पहुंचे और भगवान श्रीराम के मंदिर में दर्शन किए। सीएम महंत नृत्य गोपालदास के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मप्र में सनातन संस्कृति के अनुकूल गौशाला संचालन, संस्कृत शिक्षण और पाठ्यपुस्तकों में महापुरुषों की जीवनियां शामिल करने की पहल की गई है।



### अयोध्या में भगवान श्रीराम के किए दर्शन

#### मप्र में नई शिक्षा नीति में अभिनव प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्मोत्सव समारोह में कहा कि मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अनेक अभिनव प्रयास हुए हैं। स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा के स्तर पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को भी शामिल करने की पहल हुई है। प्रदेश के उज्जैन और इंदौर सहित विभिन्न स्थानों में गौशालाओं के बेहतर संचालन के कदम उठाए गए हैं। गौशालाओं को दिया जाने वाला मानदेय दुगना किया गया है। संस्कृत शिक्षण की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं।

#### 'संघर्षशील रहा महंत जी का व्यक्तित्व'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महंत नृत्य गोपालदास देव स्वरूप हैं और उनका व्यक्तित्व संघर्षशील रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत जी के 86वें जन्मोत्सव पर बधाई और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि महंत जी ने रामजन्मभूमि न्यास के साथ ही कृष्ण जन्मभूमि न्यास के प्रमुख का दायित्व संभाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत जी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि माता सरयू के तट पर पवित्र नगरी अयोध्या में कई जन्मों के पुण्य के पश्चात दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है। आज उन्हें भी यह अवसर मिला है।

## खबर संक्षेप



### प्रो. नीलम ने दिल्ली पुलिस पब्लिक लाइब्रेरी को पुस्तकें भेंट कीं

**नई दिल्ली।** प्रो. नीलम महाजन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार व सालिसिटर ने दिल्ली पुलिस पब्लिक लाइब्रेरी, लाजपत नगर, में अपनी कविताओं की पुस्तक 'ओशन ऑफ लव' भेंट कीं। इंस्पेक्टर निर्भय कुमार को पुस्तकों का एक सेट भेंट किया गया। नीलम ने दिल्ली पुलिस पब्लिक पुस्तकालय में 50 हज़ार से अधिक की पुस्तकें भेंट की हैं। वंचित वर्गों के बड़ी संख्या में छात्र व पुलिस अधिकारी भी यू. पी.एस.सी. परीक्षा पास करने या उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इस शैक्षणिक सुविधा का लाभ उठाते हैं। अनेक कॉलेज छात्रों को भी इस लाइब्रेरी का लाभ उठाने का मौका मिलता है।

### नीट परीक्षा मामले में युवा कांग्रेस ने फूंका एनडीए सरकार का पुतला



### संबलपुर मंडल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह सम्पन्न

**संबलपुर।** संबलपुर मंडल में 21 जून- 2024 को संबलपुर रेलवे सामुदायिक भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय ने मुख्य अतिथि के रूप में इस आयोजन मे सहभागिता दी और कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने के लिए जीवन का एक तरीका है। इस अवसर पर रेलवे सामुदायिक भवन में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, संबलपुर के प्रताप प्रधान व अन्य सदस्यों ने योग सत्र का संचालन किया। अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष श्रीमती लीना पांडे, रेलवे अधिकारी, पूर्व तट रेल महिला कल्याण संगठन, संबलपुर के सदस्यों, रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने योग सत्र में भाग लिया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह हुए योग कार्यक्रम

# छत्तीसगढ़ में डिप्टी सीएम समेत कई दिग्गजों ने किया योग, अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोरबा में सीएसईसीबी स्थित फुटबॉल ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव कार्यक्रम के मुख्य अतिथी रहे। इसके साथ ही कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधी,पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। योग प्रशिक्षकों द्वारा करीब 45 मिनट तक मौके पर मौजूद सैकड़ों लोगों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान मुख्य अतिथी ने योग को जीवन में काफी महत्वपूर्ण बताया, उन्होंने कहा, कि योग के माध्यम से शरीर स्वस्थ्य रहता है, जिससे बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर छत्तीसगढ़ में भी राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न संस्थाओं में और सामाजिक संगठनों के द्वारा योग दिवस मनाया गया। इस आयोजन में काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने योगा कर योग दिवस मनाया। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह और छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा एसईसीएल स्थित वॉलीबॉल ग्राउंड में वॉलीबॉल ग्राउंड संगठन के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया , जिसमें काफी संख्या में वॉलीबॉल के खिलाड़ी समेत नन्हे मुन्ने बच्चों ने योग शिविर में योग करते नजर आए। इसके अलावा अग्रसेन महाविद्यालय में सामाजिक संगठन के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया।

**»** *मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह और छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया*

**»** *योग प्रशिक्षकों ने करीब 45 मिनट तक मौजूद सैकड़ों लोगों को कराया*



### वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया योग

जांजगीर चांपा जिले के एतिहासिक भीमा तालाब परिसर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और विधायक व्यास कश्यप सहित अधिकारी कर्मचारी आम नागरिकों ने योग अभ्यास किया। जिले के प्रभारी एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि योग को प्रतिदिन हर व्यक्ति को करना चाहिए, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है और किसी भी प्रकार की बीमारी से लड़ने की हमें ताकत मिलती है। प्रतिदिन सुबह-शाम योगा करना चाहिए, जिससे मन संतुलन रहता है।



### कलेक्टर-एसपी नहीं पहुंचे, विधायक रेणुका सिंह ने जताई नाराजगी



मनेन्द्रगढ़ में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि और विधायक रेणुका सिंह ने कलेक्टर एसपी जमकर नाराजगी जताई। दरअसल योग दिवस कार्यक्रम स्थल पर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट और एसपी चंद्रमोहन सिंह की गैरमौजूदगी रेणुका सिंह को नागवार गुजरी। नाराज विधायक रेणुका सिंह ने कहा शासन के कार्यक्रम में जरूरी नहीं की छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री रहेंगे तभी जिला प्रशासन आएगा। विधायक ने कहा कि ऐसे कलेक्टर और एसपी को यहां रहने की जरूरत नहीं। रेणुका सिंह ने कहा, कलेक्टर-एसपी का योग दिवस कार्यक्रम में नहीं होना योग का विरोध करने के बराबर है।

### विधायक किरणदेव बोले- योग हमारे देश की पुरातन विधा



जगदलपुर में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम पर सामूहिक योग कार्यक्रम शहर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण देव शामिल हुए। इस अवसर पर देव ने कहा कि करें योग-रहें निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास करें। भारत वर्ष की पुरातन विधा योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कसरत के रूप में पहचान मिली है। आज पूरे विश्व सहित प्रदेश के सभी जगहों पर योगाभ्यास किया जा रहा है। पूरे देश में वर्ष 2014 से 21 जून को योग दिवस मनाया जा रहा है।

**पूरी दुनिया में वैचारिक, राजनैतिक, आर्थिक संघर्ष व चुनौतियों का समाधान भी योगयुक्त जीवन ही : रामदेव**

# स्वस्थ-भारत और स्वस्थ विश्व के संकल्प के साथ पतंजलि योगपीठ में मनाया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार




योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के दिशानिर्देशन में पतंजलि वैलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 स्थित योगभवन सभागार में 10वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'स्वयं और समाज के साथ यूनिवर्स के लिए योग' विषय के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि योग व योगमूलक इंटीग्रेटिड ट्रीटमेंट सिस्टम से साध्य-असाध्य रोगों को रिवर्स किया जा सकता है। योगा फॉर सेल्फ व सोसाइटी ही नहीं, योगा फॉर यूनिवर्स अर्थात युग के लिए योग है। पूरे विश्व का मॉडर्न मेडिकल सिस्टम व संसार की सरकारें जो नहीं कर पाईं, वो सनातन धर्म मूलक योग से एक सन्यासी ने पतंजलि के माध्यम से करके दिखा दिया है। योग व योगमूलक इंटीग्रेटिड ट्रीटमेंट सिस्टम से असाध्य माने जाने वाले लिवर, किडनी, लंग्स, हार्ट आदि के रोगों को भी रिवर्स किया जा सकता है अर्थात रोगों को जड़ से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग, प्राणायाम, सहज योग, एडवांस योग, योगा इन दिनचर्या के साथ जीवन को सार्थक बनाएँ। योग हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है, हमारे जीवन की सभी समस्याओं का समाधान है, योग आत्मानुशासन, आत्मदर्शन, आत्म उपचार तथा आत्म साक्षात्कार है। इस अवसर पर स्वामी जी महाराज ने कहा कि हमने अपनी 35 वर्षों की योग यात्रा में यौगिक कसरत के 21 अभ्यास, सूर्य नमस्कार भ्यास, परंपरागत व्यायाम के 20-25 अभ्यास, शताधिक आसन, 10 से अधिक प्राणायाम वयोग की मुद्राओं को जन-जन तक पहुँचाया है।

**आईपीएसएम के योग दिवस कार्यक्रम में उमड़े साधक**

# योग सत्र में सभी को रोगमुक्त, तनावमुक्त बनाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पैरामेडिकल साइंस व मैनेजमेंट क्षेत्र की उत्तर भारत की प्रमुख संस्था आईपीएसएम के तत्वावधान में द्वारका दिल्ली के सेक्टर नौ के डीडीए पार्क में विशेष योग सत्र का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में छात्रों के साथ क्षेत्र के हर आयु वर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। योगाचार्य जगदीश जोशी ने योग के विभिन्न आसनों के महत्व, शरीर को रोगमुक्त और तनावमुक्त बनाए रखने, रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने और हर दिन बढ़ रहे प्रदूषण के खतरों से बचाने में योग के योगदान की विस्तिर से चर्चा की। उन्होंने एक दर्जन से अधिक योगासन सिखा कर साधकों को स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था आईपीएसएम के संरक्षक और अंतरराष्ट्रीय योग आयोजन समिति के चेयरपर्सन सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि आज के कार्यक्रम में द्वारका के साथ पालम गांव, पालम कालोनी, महावीर एन्क्लेव,पश्चिम विहार, नजफगढ़, पंजाबी बाग, राजनगर से आए लोगों ने भी भाग लिया और योग के बारे में विस्तार से जानकारी ली। आईपीएसएम संस्था के चेयरमैन देबादर्शी पटनायक ने इस अवसर पर कहा कि उनका संस्थान पहले भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके सामाजिक सरोकारों के प्रति अपने दायित्व निभाता रहा है। यह क्रम जारी रहेगा।

### कैंसर पीड़ित भी रंगे नजर आए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रंग में

द्वारका सेक्टर नौ के डीडीए पार्क के निकट स्थित मकान की निवासी और तीसरी स्टेज की कैंसर पीड़ित महिला कमलेश वर्मा पार्क में लोगों को योग करते देख अपने घर में ही योगासन करने लगीं। उन्होंने की योगासन किए तथा बताया कि योग से मेरे जीवन में नई आशा का संचार हुआ है। शिविर में आने वाले सभी योग साधकों ने कमलेश वर्मा के हौसले की प्रशंसा की और उन्हें सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।



योग साधना करतीं कैंसर रोगी कमलेश वर्मा।

**शिक्षा संबल योजना के तहत चयनितों को आवास व भोजन भी निःशुल्क**

## एलन कोटा में नीट-2025 की निशुल्क कोचिंग को आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

**कोटा।** निर्धन व प्रतिभावान विद्यार्थियों के सपने पूरे करने के लिए गठित एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से शिक्षा संबल योजना शुरू की गई है। इसके तहत उत्तर भारत के सरकारी विद्यालयों व विद्या भारती संस्थान के हिन्दी माध्यम के चयनित विद्यार्थियों को एलन कैरियर इंस्टीट्यूट की ओर से एलन कोटा कैम्पस में निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी।

इसके साथ ही एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास द्वारा निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था दी जाएगी। यह परीक्षा 7 जुलाई को होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। आवेदन ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों तरह से किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए जानकारी www.allen.ac.in अथवा inmpnyas.org से ली जा सकती है। परमार्थ न्यास के ट्रस्टी डॉ. नवीन माहेश्वरी ने बताया कि एलन द्वारा कई माध्यमों से



प्रतिभावान विद्यार्थियों को विभिन्न स्कॉलरशिप के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है परन्तु कई छोटे गांव कस्बों के विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में आगे नहीं आ पाते हैं। ऐसे सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को आगे लाने के उद्देश्य से ही शिक्षा संबल योजना शुरू की गई है। पहले वर्ष में 12वीं पास 126 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसमें 81 छात्राएं एवं 45 छात्रों का चयन किया जाएगा। चयन के लिए उन्हीं परिवारों के विद्यार्थी पात्र होंगे जिनकी वार्षिक आय 3 लाख से कम है। न्यास ने एलन कैरियर इंस्टीट्यूट के साथ एमओयू किया गया है, जिसके तहत कैम्पस में निःशुल्क नीट-2025 की तैयारी के लिए कोचिंग करवाई जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अमरवाड़ा में भी जारी रहेगा जीत का अभियानः हितानंद

**»** *महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही राज्य सरकार*

**»** *मोर्चा पदाधिकारी घर-घर संपर्क कर बताएं भाजपा सरकार की उपलब्धियां*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का अमरवाड़ा में भी विजय अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर जाकर बताएं। भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य किए हैं। पार्टी के सभी मोर्चा पदाधिकारी घर-घर संपर्क कर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाए जा रहे गरीब कल्याण, लाभार्थी योजनाओं और भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां जनता को बताएं। हितानंद गुरूवार को छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में मातृशक्ति संगठनों, महिला मोर्चा, स्वयंसेवी संस्थाओं व सिंगोड़ी, सुरलाखापा और अमरवाड़ा ग्रामीण मंडल के शक्ति केन्द्रों के संयोजकों, प्रभारियों व प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक को प्रदेश महामंत्री व सांसद कविता पाटीदार ने भी संबोधित किया।




### जनता का प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास

हितानंद ने कहा कि छिंदवाड़ा की जनता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अटूट विश्वास है। लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा की जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद देकर इतिहास बनाया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय मिली है। जीत का यह अभियान अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भी जारी रहेगा। छिंदवाड़ा में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री मोदी के गरीब कल्याण और लाभार्थी योजनाओं के हितग्राही रहते हैं। अमरवाड़ा विधानसभा में भी आम जनता के साथ योजनाओं के हितग्राही भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएंगे।

### कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर योजनाएं बताएं

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री शर्मा ने कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता के मंत्र पर सभी कार्यकर्ता बूथ और पन्ना समितियों को और सक्रिय करें और हर बूथ जीतने का लक्ष्य लेकर जुट जाएं। लोकसभा चुनाव की तरह अमरवाड़ा विधानसभा में भी भाजपा जीत का इतिहास बनाने के लिए एकजुट हो जाए।

### महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं

हितानंद ने अमरवाड़ा में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं, स्वसहायता समूह और स्वयंसेवी समूह की महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने बहुत कार्य किए हैं।

### अमरवाड़ा के लिए नामांकन के पांचवें दिन 12 के नाम निर्देशन पत्र जमा

**भोपाल (विप्र)।** छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट के लिए हो रहे उप चुनाव के लिए 14 जून से नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। इसके तहत पांचवे दिन 20 जून को 6 अभ्यर्थियों द्वारा 12 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। दिनांक 14 जून से अब तक 11 अभ्यर्थियों द्वारा 18 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। इनमें भाजपा के कमलेशा शाह, गोंगपा के देव रावन भलावी और कांग्रेस के धीरनशा शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि नाम निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा। मतगणना 13 जुलाई को होगी।

### अमरवाड़ा के लिए भाजपा जिम्मेदार, मतदाता जबाव देने के लिए तैयारः पटवारी



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरूवार को कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह की नामांकन रैली में अमरवाड़ा विधानसभा पहुंचे। इस दौरान उन्होने कहा कि अमरवाड़ा विधानसभा की धरती ने हमेशा कांग्रेस पार्टी का साथ देकर आदिवासियों के सम्मान को जीवित रखा है, लेकिन जो कलंक भाजपा के षड्यंत्र से लगा है उसका करारा जवाब देने को अमरवाड़ा का एक-एक मतदाता तैयार है। पटवारी ने कहा कि अभी लोकसभा के चुनाव हुये हैं दुर्भाग्य से कांग्रेस पार्टी की पराजय हुई है, इसके पहले विधानसभा के चुनाव हुये थे, कमलनाथ जी ने छिंदवाड़ा में सात विधायक दिये थे, जिसमें अमरवाड़ा भी शामिल था, लेकिन भाजपा ने षड्यंत्रपूर्वक उसको भी अपनी पार्टी में शामिल कर लिया।

कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह ने दाखिल किया नामांकन

## चिंतन

# कश्मीर से योग कर पीएम का विश्व को शांति के संदेश

आज पूरी दुनिया योगमय हुई। विश्व ने 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इन दस वर्षों में दुनिया में योग की स्वीकार्यता बढ़ी, लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ी, योग के अनेक रूपों का विस्तार भी हुआ। जो योग पहले भारत तक सीमित था, उसमें भी कुछेक संपन्न लोगों तक था, आज यह वैश्विक है, आम लोगों के बीच भी लोकप्रिय है। भारत की पहल पर ही संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। कोरोना महामारी के बाद लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी, इसके बाद लोगों के खानपान की आदतें बदलीं, लोग योग व व्यायाम के प्रति आकर्षित हुए। आज योग के जरिये विश्व में करोड़ों लोग रोजगार भी पा रहे हैं और लाभान्वित भी हो रहे हैं। बड़ी बात है कि इस्लामिक देशों ने भी योग को खुले दिल से अपनाया है। भारत में देश भर में हजारों कार्यक्रम योग के हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में योग दिवस मनाकर कर आतंकवादियों और आतंकपरस्तों को खुला संदेश दिया है। अभी कुछ दिन पहले ही कश्मीर में एक के बाद एक चार आतंकी हमले हुए हैं। जिस दिन मोदी सरकार ने शपथ ली, उसी दिन आतंकवादियों ने कश्मीर में तीर्थयात्रियों से से भरे बस पर हमला किया। कश्मीर में कई आतंकी हमले के बाद से सरकार सख्त है और सुरक्षा कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं, ऑपरेशन क्लीन पहले से जारी है। प्रधानमंत्री ने कश्मीर में योग दिवस मनाकर सबको शांति का संदेश दिया, आतंक के डर पैदा करने के मंसूबे पर पानी फेरा। भारत आतंकवाद के खिलाफ चार दशक से जंग लड़ रहा है। अब आतंकवाद आखिरी सांसें गिन रहा है। योग दिवस पर प्रधानमंत्री दुनिया को संदेश भी दिया कि योग वैश्विक भलाई का एक शक्तिशाली माध्यम है। योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। अल्लाह, ईश्वर या गॉड को प्राप्त करने का, उससे साक्षात्कार करने का ये कार्यक्रम है, यह योग का एक ध्येय है। योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है, और जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। तुर्कमेनिस्तान, सऊदी अरब, मंगोलिया और जर्मनी में योग की प्राचीन विधाएं वहां तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और वहां लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। फ्रांस की 101 वर्षीय महिला शारलोट चोपिन अपने देश में योग को लोकप्रिय बना रही है। भारत सरकार ने उनको योग में उनकी सेवाओं के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया। योग के वैश्विक स्तर पर प्रसार से इसके बारे में धारणा में बदलाव आया है, क्योंकि इसके बारे में प्रामाणिक जानकारी हासिल करने के लिए बड़ी संख्या में लोग भारत की यात्रा कर रहे हैं। योग मानव जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' है। योग में जोड़ने की शक्ति है, खुद से, समाज से और ब्रह्मांड से। योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।



दिल्ली जल संकट
योगेश कुमार सोनी

# पानी पर नहीं हो राजनीति

दिल्ली सरकार जो किसी भी मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने में माहिर है,उसका कहना है कि हरियाणा सरकार हमें पानी नहीं दे रहा। बताया जा रहा है हिमाचल से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार नहीं दे रही, लेकिन इस बात को खारिज करते हुए हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी नहीं मिला। अभय ने कहा कि यदि हरियाणा को हिमाचल प्रदेश से पानी मिलता है, तो वह तुरंत उसे दिल्ली की ओर भेज देगा। आश्चर्य यह है कि इस मामले को लेकर केन्द्र कोई भी प्रतिक्रिया न देकर किसी भी प्रकार के समाधान पर बात नहीं कर रहा है। दिल्ली जल संकट पर केंद्र की चुप्पी खल रही है।

देश की राजधानी इस समय बड़े संकट से गुजर रही है। दिल्ली में पानी की कमी होने के कारण दिल्लीवासी बहुत परेशान हैं। ज़रूरत के हिसाब से लगभग 25 से 30 फीसदी पानी की उपलब्धता कम हो गई है। इसका असर यह हुआ है कि दिल्ली के झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके के अलावा पॉश कॉलोनियों में भी लोगों को पानी के लिए बाल्टी लेकर व्यवस्था करनी पड़ रही है। दिल्ली के सबसे पॉश एरिया लुटियन जोन में भी कई इलाकों को इस समय पानी के टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली का जल संकट वर्षा शुरू होने के बाद ही सुधरेगा। फिलहाल तेज गर्मी से अभी कई दिनों तक राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है और इस जल संकट को लेकर हाल ही में हुई मीटिंग में पड़ोसी राज्यों से जल उपलब्धता पर कोई सहमति नहीं बनी। दिल्ली पानी की आपूर्ति के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश पर निर्भर है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को पानी की अगाध आपूर्ति होती रही है। इस बार पानी की उपलब्धता में कमी राजनीतिक वजह से अधिक प्रतीत हो रही है, हालांकि हरियाणा खुद भी जल संकट का सामना कर रहा है।

इस आधार पर स्पष्ट है हो जाता है कि यह जल संकट कई दिनों तक बने रहने की संभावना है। हम इन सारी बातों से पूरी स्थिति से अवगत हो गए और जल संकट से रोज लड़ने को तैयार हैं, लेकिन इस मामले में केन्द्र व राज्य सरकार अपनी कितनी गंभीरता दिखा रही है यह स्थिति देखकर लग रहा है। हर रोज बहुत आसानी से मीडिया में बयान देकर एक-दूसरे पर आरोप लगाकर अपना-अपना बचाव कर रहे हैं। आम लोगों की मजबूरी कोई नही समझ रहा। पानी सर्वाधिक दैनिक जरूरत है, इसके बिना जिंदगी की कल्पना करना मुश्किल है। दिल्ली सरकार जो किसी भी मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने में माहिर है,उसका कहना है कि हरियाणा सरकार हमें पानी नहीं दे रहा। बताया जा रहा है हिमाचल से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार नहीं दे रही, लेकिन वहीं इस बात को खारिज करते हुए हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी नहीं मिला। अभय ने कहा कि यदि हरियाणा को हिमाचल प्रदेश से पानी मिलता है, तो वह तुरंत उसे दिल्ली की ओर भेज देगा। यह तो राज्यों की बीच की कहानी है लेकिन आश्चर्य यह है कि इस मामले को लेकर केन्द्र सरकार कोई भी प्रतिक्रिया न देकर किसी भी प्रकार के समाधान पर बात नहीं कर रही है। दिल्ली जलसंकट पर केंद्र की चुप्पी खल रही है, जैसा कि दिल्ली एक केन्द्रीय शासित राज्य है और इसलिए बहुत सारे मामलों में जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की बनती है तो,क्यों इसका समाधान नहीं निकाला जा रहा। जबकि जल शक्ति मंत्रालय केन्द्र के हाथ में हैं बावजूद इसके, आखिर दिल्ली की जनता को क्यों परेशान हो रही है। क्या अलग-अलग इंजन की सरकार होने की वजह से ऐसा किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी को यह भी समझना चाहिए कि हाल ही में दिल्ली में हुए लोकसभा चुनाव में जनता सातों सीटें उन्हें जिताई है। ऐसे में जनता के प्रति इन सांसदों कीीि



जिम्मेदारी बनती है। जल संकट मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी राज्यों व केन्द्र सरकार के बीच कोई भी बैठक नहीं हुई। अंतरराज्यीय मामला होने के चलते केंद्र सरकार को देखना चाहिए कि किसी राज्य में संकट आने के बाद पड़ोसी राज्यों से कैसे आपूर्ति करा सकती है। किसी भी घटना से लगातार ग्रसित होने से जनता बागी हो जाती है और फिर समाज में संदेश गलत जाता है। यह वैसे भी देश की राजधानी है जहां देश के प्रधानमंत्री के अलावा देश के सभी बड़े-छोटे मंत्री रहते हैं। जहां एक ओर हम डिजिटल युग में होने की हुंकार भरते हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसी दुर्लभ तस्वीर देखकर असहनीय पीड़ा का एहसास होता है। क्या आज पानी जैसी बुनियादी चीज के लिए तरसते अच्छे लगते हैं।

पानी को लेकर हरियाणा में एक व्यक्ति की मौत हो गई तो वहीं दिल्ली में लोग एक बाल्टी पानी के लिए एक-दूसरे को जान से मारने पर उतारू हो जाते हैं। कई जगहों पर लडाई हुई जिसमें एक शख्स का सिर तक फट गया। इस मामले में हर किसी को अपना किरदार ईमानदारी से निभाना होगा। जैसा कि दिल्ली में जल संकट की स्थिति हर वर्ष ऐसी ही रहती है तो दिल्ली सरकरा को पहले से तैयारी या पड़ोसी राज्यों से बातचीत करनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली के जल संकट का सबसे बड़ा कारण यह है कि यहां पर पर्याप्त जल क्षेत्र नहीं है। कभी दिल्ली के कुल 1500 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में लगभग 18 वर्ग किलोमीटर इलाका जल क्षेत्र हुआ करता था। इसमें भी सबसे अधिक हिस्सा यमुना के बहाव क्षेत्र का हुआ करता था। एक जमाने में यह जल क्षेत्र लोगों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त हुआ करता था। लेकिन कई लोगों ने यमुना के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण कर घर बनाना शुरू कर दिया और यह अब थोड़े बहुत नहीं बहुत अधिक बन गए और हर रोज वहां कब्जा होता जा रहा है, जिसको लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही।

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई थी। इस दौरान दिल्ली की यमुना खादर मे रह रहे लोगों को बाहर आना पड़ा और जब यह बाहर आए तो प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए थे चूंकि उनको बिल्कुल भी अंदाजा नही था कि इतने लोग यमुना खादर में इतने लोग रहे थे। जब उन लोगों को बाहर निकाल कर सड़कों के किनारे शिफ्ट किया गया तो ऐसा लगा कि कोई कॉलोनी बस गई हो। अब समझिए कि यहां दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से शेष जल क्षेत्र भी अतिक्रमण का शिकार हुए जिससे जल क्षेत्र सिकुड़ गया। इसका यह असर हुआ है कि दिल्ली का भूगर्भीय जल स्तर भी बहुत कम हो गया है। जब पानी एकत्रित होने की जगह मनुष्य ले लेंगे तो सृष्टि का नष्ट होना व मानव जीवन पर प्रहार होना तय है। दरअसल यहां सारा खेल वोट बैंक का है। राज्य सरकार इनके आधार कार्ड व वोटर आईडी बना देती है और समय आने पर उनके मत का प्रयोग करती है। जबकि जो लोग यहां आकर बसे हैं उनका इतिहास किसी को स्पष्ट नहीं पता। कोई कहता है यह काम की खोज में बाहरी राज्यों से आ लोग हैं तो कोई इनके विषय में अन्य अलग-अलग कारण बताता है लेकिन कारण कोई भी हो यहां रह रहे लोगों ने अपनी पूरी कॉलोनी सी बना ली जो बेहद रिस्की भी है, चूंकि यदि अचानक यहां पानी आ जाए तो कई लोगों की जान जा सकती है चूंकि बाढ़ के समय पर यहां फंसे लोगों को निकाला था तो इस बात का एहसास हुआ था। बहरहाल,दिल्ली की हाल की स्थिति के लिए सभी को राजनीति छोड़कर जनता के लिए पानी की व्यवस्था करनी होगी चूंकि अब पानी कम होने की वजह से पानी सर के ऊपर जा रहा है। राजनीति करने के लिए तमाम मुद्दे हैं लेकिन पानी जैसे बुनियादी चीज के लिए जनता तरसे तो यह सभी राजनीतिक दलों के लिए बेहद बेशर्मी की बात है चूंकि जल मानव जीवन का पर्यायवाची है और इंसान इसके बिना जिंदा नहीं रह सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

कबीर जयंती
डॉ. अशोक कुमार भार्गव



# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की, वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई। संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफ़गान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में



कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्यचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने 'जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई' कहकर समाज को एक नई दिशा दी।

कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नहीं था। कबीर के निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी।

(लेखक मोटिवेशनल स्पीकर, स्वतंत्र लेखक एवं पूर्व आईएएस हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

## भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*– पवन साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### प्रभावित किया



श्रीनगर में मुझे जम्मू-कश्मीर के प्रतिभाशाली युवाओं से मिलने का अवसर मिला, जो स्टार्टअप में अग्रणी काम कर रहे हैं। उनसे बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। उनमें राष्ट्र और समाज के उत्थान की भावना ने मुझे बहुत प्रभावित किया। युवा पीढ़ी का भविष्य उज्जवल है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### योग एक विज्ञान



योग एक विज्ञान है, और यदि आप चाहें तो एक कला रूप है जिसके साथ आप अपनी व्यक्तिगत प्रकृति को उसकी अंतिम संभावना तक प्रकट कर सकते हैं और एक सचेतन ग्रह का निर्माण भी कर सकते हैं। योग में बहुत शक्ति है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### एकदम सही वक्त



दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब ब्रिज को पार करने वाली पहली ट्रेन। चूंकि यह योग दिवस है, यह यह दर्शाने के लिए एकदम सही वक्त है कि हमारा बुनियादी ढांचा जितना संभव हो सके आसमान की ओर बढ़ रहा है।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### अपराधियों के हौसले बुलंद




आपके योगा मैट की शक्ति आपकी सोच से कहीं अधिक है। इसे एक दिन, एक समय लो। यह केवल अभ्यास से ही बेहतर होता जाता है। झुकते रहें ताकि आप टूटें नहीं। फलदार पेड़ हमेशा झुके होते हैं।

-निकिता दत्ता, अभिनेत्री

## करंट अफेयर


# बेटे की शादी के लिए बिचौलिये भंडारी को मिली छूट



**लंदन।** कर चोरी और धन शोधन के आरोपों में भारत प्रत्यर्पित किए जाने से संबंधित मुकदमे का सामना कर रहे रक्षा क्षेत्र के बिचौलिये संजय भंडारी की जमानत शर्तों में शुक्रवार को ढील दी गई, ताकि वह अपने बेटे की शादी में शामिल हो सके। यह शादी दक्षिण–पूर्व इंग्लैंड के एक होटल में होगी। भंडारी (62) ने इस वर्ष के प्रारंभ में लंदन के उच्च न्यायालय में अपने प्रत्यर्पण आदेश के विरुद्ध अपील करने की अनुमति प्राप्त की थी। उसने अपने वकीलों के माध्यम से शहर के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट न्यायालय में आवेदन कर कहा था कि उसे 7 से 11 जुलाई के बीच लंदन में एक होटल में रहने की अनुमति दी जाए। प्रत्यर्पण कार्यवाही में भारतीय प्राधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली 'क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस' (सीपीएस) के साथ हुए समझौते के तहत, प्रत्यर्पण अपील जारी रहने तक भंडारी की जमानत शर्तों में कुछ बदलाव किए गए हैं। न्यायाधीश ब्रियोनी क्लार्क ने का, "7 से 11 जुलाई के बीच जमानत में ढील दी जाएगी।"नवंबर 2022 में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले के बाद पिछले साल ब्रिटेन की तत्कालीन विदेश मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने भारत में कानूनी कार्यवाही का सामना करने के लिए भंडारी के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था।

## ऑफ बीट

# कंगारू के दांत हमेशा बढ़ते हैं उनकी उम्र-लिंग का रिकॉर्ड रखते



**मेलबर्न।** (द कन्वरसेशन) आप किसी जंगली जानवर की उम्र का पता कैसे लगाते हैं? कुछ ऑस्ट्रेलियाई मार्सुपियल्स के लिए, हमने पता लगाया है कि आप उनके दांतों से उनकी उम्र बता सकते हैं। विलियम पार्कर और एलिस्टेयर इवांस, मोनाश विश्वविद्यालय में शोध किया गया है। यहां के शोधकर्ताओं ने कहा, आर्काइव्स ऑफ ओरल बायोलॉजी में प्रकाशित एक नए पेपर में, हम दिखाते हैं कि कंगारुओं के सामने के दांत कई अलग–अलग तरीकों से उनकी उम्र दर्ज करते हैं – और वे हमें यह भी बता सकते हैं कि कंगारू नर है या मादा। किसी जंगली जानवर की उम्र का पता लगाना पशु चिकित्सकों, पारिस्थितिकीविदों और संरक्षणवादियों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। वन्यजीव कल्याण और आबादी के समग्र स्वास्थ्य का आकलन दोनों ही जानवरों की उम्र जानने पर निर्भर करते हैं। चूंकि कोई भी जन्मदिन नहीं गिनता, इसलिए वैज्ञानिक अक्सर जंगली जानवरों के दांतों की मदद से यह पता लगाते हैं कि उनकी उम्र कितनी है। ऑस्ट्रेलिया के अधिकांश मार्सुपियल्स डिप्रोटोडोंटिया नामक समूह के सदस्य हैं। यह नाम उन जानवरों को संदर्भित करता है जिनके निचले जबड़े में बड़े, सीधे कुतरने वाले दांत होते हैं। कंगारू, वालबीज़, कोआला, वॉम्बैट और पोसम सभी डिप्रोटोडोंटियन मार्सुपियल्स हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

देशभर में रही योग की धूम, आमजन ने भी किया योग

# कश्मीर से कन्याकुमारी तक लोगों ने किया योग शीर्ष नेताओं से लेकर सेलेब्रिटी भी रहे शामिल

शुक्रवार को देश सहित पूरी दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय योग मनाया। भारत का संदेश पूरी दुनिया ने माना और हमारी प्राचीन सभ्यता और योग पद्धति को पूरी दुनिया ने अपनाया। सभी ने योग कर निरोगी रहने के लिए विभिन्न मुद्राओं में आसन किए। देशभर में योग दिवस को बड़ी ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर देशभर में योग की धूम रही। भारत की इस पुरानी परंपरा को संपूर्ण दुनिया ने आत्मसात किया और लोगों को इसके फायदे के बारे में भी बताया। इस योग से बड़े- बड़े रोग भी ठीक हो जाते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर के राज्यों के अलग-अलग भागों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। देश के पूर्वोत्तर राज्यों से लेकर कश्मीर और कन्याकुमारी तक लोग योग के रंग में रंगे नजर आए। भारत से निकली योग की अलख अब पूरे विश्व में फैल चुकी है। 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पूरा देश एक बार फिर योग के रंग में रंग गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर प्रधानमंत्री तक ने योग किया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने योग करने से पहले ध्यान लगाया।

बता दें कि 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था, तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है। अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के अलग-अलग भागों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत समेत पूरे विश्व में शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली में योग किया। मुर्मू ने कहा कि योग, मानवता को भारत का अनूठा उपहार है, साथ ही आज के वक्त में जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं में वृद्धि के कारण यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मुर्मू ने राष्ट्रपति सचिवालय के अन्य अधिकारियों के साथ यहां राष्ट्रपति भवन में योग किया।




10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## केंद्रीय मंत्रियों और राज्यपालों ने भी किया योगाभ्यास



**आगरा।** आगरा के एकलव्य स्टेडियम में भी योग का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के साथ जिले के तमाम अधिकारी शामिल हुए। इनके साथ अनेक लोगों ने एक साथ भाग लिया।

## बॉलीवुड एक्ट्रेस ने भी योग दिवस सेलिब्रेट किया
### कंगना से शिल्पा शेट्टी तक सभी ने किए योग



**मुंबई।** इस मौके पर कुछ बॉलीवुड एक्ट्रेस ने भी अपनी योग करते हुए कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। ये योगा क्वीन खुद को फिट रखने के लिए योग को अपना रूटीन बना चुकी हैं।करीना कपूर भी योग से खुद को फिट रखने के लिए जानी जाती हैं। करीना ने योग करने के फायदे बताए हैं।बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने पति जैकी भगनानी संग योग की कुछ तस्वीरे शेयर की है। कंगना रनौत भी योग के जरिए खुद को फिट रखती हैं। अपने फैंस को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई भी दी है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें अलग-अलग तरह के योग करते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि फैंस और फॉलोअर्स हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए उन्हें अपना आइडल मानते हैं।

## बोस का स्कूली छात्रों के साथ योग



**कोलकाता।** राजभवन और शैक्षणिक संस्थानों में मनाया गया योग दिवस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने शुक्रवार को अंतरारष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन में स्कूली छात्रों और कई अधिकारियों के साथ योग सत्र में भाग लिया। विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के परिसर में भी योग सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भाग लिया।पश्चिम बंगाल के कई शैक्षणिक संस्थानों में अतंरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

## सीएम हिमंत ने किया योगाभ्यास



**गुवाहाटी।** असम में योग दिवस पूरे देश के साथ असम में भी शुक्रवार को उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लिया। सीएम हिमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के साथ अन्य नेताओं ने सुबह से ही पूर्वोत्तर राज्य के विभिन्न हिस्सों में आयोजित योग कार्यक्रमों में भाग लिया।

## मणिपुर में मनाया गया योग दिवस



**इंफाल।** मणिपुर में इम्फाल स्थित राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। राज्यपाल अनुसुइया उइके ने अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों के साथ योग किया। राज्य के विभिन्न स्थानों पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## योगाभ्यास की मुद्रा में ये दिग्गज



केंद्रीय मंत्री नड्डा ने यमुना स्पोर्ट कांप्लेक्स में किया योग।



बदरीनाथ में योग करते सेना के जवान और आमजन।



दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह योग की मुद्रा में।



कोयंबटूर एयर फोर्स में योगाभ्यास करते जवान।



अहमदाबाद के गोटिला गार्डेन में गृहमंत्री अमित शाह ने किया योग।

## खबर संक्षेप


### जलगांव में पुलिस थाने पर पथराव, आगजनी

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में पुलिस थाने पर पथराव किया गया है। इस हमले में आधा दर्जन से ज्यादा पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं। घटना जलगांव के जामनेर की बताई जा रही है। जांच में पता चला है कि कुछ दिन एक इलाके में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना को लेकर इलाके के लोगों में गुस्सा था। बताया जा रहा है कि भीड़ ने गाड़ियों में आग भी लगा दी है।



### अधीर रंजन ने बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र में एक बार फिर से तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बन चुकी है। कांग्रेस का प्रदर्शन बीते दो लोकसभा चुनाव के मुकाबले सुधरा है। बंगाल में पार्टी का प्रदर्शन बुरा रहा है। इसके पहले खबर थी बंगाल में कांग्रेस पार्टी के बुरे प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए अधीर रंजन चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है। अब अधीर रंजन ने खुद इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है।



### हाईटेंशन तारों के ऊपर लटकी 15 साल की लड़की

**लुधियाना।** लुधियाना रेलवे स्टेशन पर हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। यहां एक 15 साल की लड़की हाईटेंशन तारों के ऊपर फुट ओवरब्रिज से लटक गई। यह देखकर स्टेशन पर मौजूद लोग सकते में आ गए और लड़की को उतारने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह कभी एक छोर तो कभी दूसरे छोर पर जाकर लटकती रही। रेल अधिकारियों ने पावर सप्लाई बंद कर लड़की को उतारा और अस्पताल पहुंचाया।



## हरियाणा में कल विधानसभा चुनाव का शंखनाद करेगी भाजपा

# प्रदेश चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा सह प्रभारी बिपल्ब कुमार देब का होगा अभिनंदन

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के अलावा सांसद नवीन जिंदल और सांसद धर्मबीर सिंह भी रहेंगे मौजूद। रोहतक में अभिनंदन कार्यक्रम से होगा आगाज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा हरियाणा में एक बार फिर चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के बाद अब पार्टी के नेता और कार्यकर्त्ता अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस रहें हैं।

रविवार 23 जून को रोहतक में एक बड़ा अभिनन्दन कर हरियाणा भाजपा चुनावी शंखनाद करेगी।

कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ कहे जाने वाले रोहतक से ही भाजपा रणघोष कर रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं में नई जान फूंकने के लिए भाजपा के सबसे पुराने कार्यकर्ता को भी 23 जून के कार्यक्रम का न्योता दिया गया है। 23 जून को रोहतक में प्रदेश प्रभारी व केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सह प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब का अभिनंदन कार्यक्रम के माध्यम से स्वागत किया जाएगा। जिस स्तर की खामियां पिछले चुनाव में रह गई थी, सभी को उसी स्तर पर दुरुस्त करने पर पार्टी का फोकस रहेगा। 23 जून का कार्यक्रम इसलिए भी खास है कि इस दिन हरियाणा के सभी पांच सांसद भी रोहतक में ही होंगे। पार्टी के मंगल कमल कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के अलावा सांसद नवीन जिंदल और सांसद धर्मबीर सिंह का अभिनंदन किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम की कमान पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय भाटिया के हाथ में है। पार्टी हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।





### ओडिशा में अहम भूमिका निभाई



विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब देब की उड़ीसा में सरकार लाने और लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा क्लीन स्वीप करने में अहम भूमिका है। अब इन दोनों नेताओं का अगला टारगेट हरियाणा में तीसरी बार भाजपा को लाना है। वहीं पूरे कार्यक्रम की कमान संभाल रहे पूर्व सांसद संजय भाटिया की गिनती धरातल पर मेहनत करने वाले नेताओं में होती है।

## नीट-यूजी विवाद

# दिल्ली में 'आइसा' का प्रदर्शन योग दिवस में नहीं पहुंचे प्रधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोहिमा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए जहां कुछ विद्यार्थी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) और 'यूजीसी-नेट' में कथित अनियमितताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के अधिकारियों ने कहा कि प्रधान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, लेकिन 'कुछ जरूरी काम' के कारण इसमें शामिल नहीं हो सके। यह कार्यक्रम सुबह छह बजे शुरू होने वाला था। वामपंथी संगठन 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (आइसा) के सदस्यों ने काले झंडे लेकर विश्वविद्यालय के अन्य छात्रों के साथ संस्थान के उत्तरी परिसर में अपना प्रदर्शन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय की आइसा इकाई ने दावा किया कि विरोध के कारण मंत्री 'नॉर्थ कैंपस' के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

आइसा की ओर से एक बयान में कहा गया कि प्रधान के डीयू में आने के बारे में सोचने पर आइसा कार्यकर्ताओं ने डीयू के विद्यार्थियों के साथ काले झंडे उठाए और विश्वविद्यालय में उनकी उपस्थिति के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रधान और उनके एनटीए ने छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है।

बता दें, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के साथ-साथ विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर और जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए पात्रता निर्धारित करने के वास्ते विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) भी आयोजित करती है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
निविदा आमंत्रण सूचना

| |
|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति: 30-Elect-69-T-R2-23-24-E3 तीन वर्षों के लिए रेल भवन में एड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम की मरम्मत, संचालन और सीएएमसी के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत: रु. 59.88 लाख |
| कार्यालय का पता: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली |
| बयाना राशि: रु. 1,19,800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय: 16.07.2024, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय: 16.07.2024, 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड: www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली। |

1876/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल, पुत्र महेश, निवासी सी-272, जेजे कॉलोनी, सावदा, कंझावला, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 442/2020 भा.द.सं. की धारा 380/411/34 के तहत, थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 442/2020 भा.द.सं. की धारा 380/411/34 के तहत, थाना कंझावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आयुष शर्मा
एलडी. महानगर दण्डाधिकारी (उत्तर-पश्चिम), कमरा नं.113,
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली
दि.पु./7738/रोहिणी जिला/2024

## चौहान ने दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ की बैठक

# दाल के किसानों को 100% खरीद का दिया आश्वासन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तुअर, उड़द और मसूर उत्पादक किसानों को सौ फीसद खरीद का आश्वासन दिया है।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने प्रमुख दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ शुक्रवार को पहली वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राज्यों से आग्रह किया गया कि वे केंद्र के साथ मिलकर काम करें ताकि भारत न केवल खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बने बल्कि विश्व का खाद्यान्न भंडार भी बने।

### भारत को विश्व का खाद्यान्न भंडार बनाएं

केंद्र के साथ मिलकर काम करने को कहा



**देश ने 10 फीसदी तक ला दी आत्मनिर्भरता**

देश इन तीनों फसलों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं है और 2027 तक आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने 2015-16 से दालों के उत्पादन में 50 प्रतिशत की वृद्धि करने के लिए राज्यों के प्रयासों की सराहना की, लेकिन प्रति हेक्टेयर उपज बढ़ाने और किसानों को दालों की खेती के लिए प्रेरित करने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने सराहना की कि देश ने मूंग और चना में आत्मनिर्भरता हासिल की है। देश ने 10 वर्षों मेंआयात पर निर्भरता 10 प्रतिशत कर दी है।

### सरकार एमएसपी पर खरीदेगी

चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार फसल विविधीकरण सुनिश्चित करने तथा दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर तुअर, उड़द और मसूर की खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है। नई दिल्ली के कृषि भवन में विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री चौहान ने कहा कि किसानों के पंजीकरण के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) तथा भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) के माध्यम से ई-समृद्धि पोर्टल शुरू किया गया है तथा सरकार पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से एमएसपी पर इन दालों की खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक किसानों को इस पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे सुनिश्चित खरीद की सुविधा का लाभ उठा सकें।




पेपर लीक को लेकर योगी सरकार सख्त और गंभीर, रोकने के लिए बनी फुल प्रूफ वाली नीति

# एक भर्ती परीक्षा के लिए चार एजेंसियों को अलग-अलग जिम्मेदारी

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने से रोकने और धांधली खत्म करने के लिए फुलप्रूफ इंतजाम करते हुए नई नीति जारी कर दी गई है। प्रश्नपत्र के हर पन्ने पर गोपनीय सुरक्षा चिह्न जैसे यूनीक बार कोड, क्यूआर कोड, यूनिक सीरियल नंबर डालने होगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने से रोकने और धांधली खत्म करने के लिए फुलप्रूफ इंतजाम करते हुए नई नीति जारी कर दी गई है। एक भर्ती परीक्षा कराने के लिए चार एजेंसियों की अलग-अलग जिम्मेदारी होगी। परीक्षार्थियों को अपने गृह मंडल के बाहर परीक्षा देने जाना होगा। निःशक्तों और महिलाओं पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। चार लाख से अधिक परीक्षार्थी होने पर दो चरणों में परीक्षा होगी। रिजल्ट बनाने में धांधली रोकने के लिए आयोग और बोर्ड में ही ओएमआर शीट की स्कैनिंग कराई जाएगी। परीक्षा केंद्र बनाने के लिए दो श्रेणियां बनाई गई हैं। पहली श्रेणी में राजकीय इंटर कॉलेज से लेकर मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेजों को रखा गया है। दूसरी श्रेणी में एडेड स्कूलों को रखा गया है। वित्त विहीन स्कूलों व कॉलेजों में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा।

**खास बातें**

- एक पाली में अधिकतम 5 लाख परीक्षार्थी होंगे
- प्रश्न पत्र के हर पन्ने पर होगा गोपनीय सुरक्षा चिन्ह
- कंट्रोल रूम से कड़ी निगरानी होगी
- आधार कार्ड, बायोमेट्रिक, एआई तकनीक का लेंगे सहारा



### तीन सेटों में ओएमआर शीट

ओएमआर शीट तीन सेटों में होगी। मूल प्रति आयोग व बोर्ड के पास होगी। दूसरी सीलबंद कोषागार व तीसरा अभ्यर्थियों को दी जाएगी। परीक्षा के दौरान आयोग व बोर्ड किसी भी तरह की अफवाह का खंडन करेगा। परीक्षा के दौरान एसटीएफ व पुलिस के संपर्क में रहेंगे। परीक्षा के दौरान कंट्रोल रूम से कड़ी निगरानी की जाएगी।

### जांच के बाद परीक्षा की अनुमति

परीक्षाओं के दौरान स्कैन हस्ताक्षर व फोटो का मिलान परीक्षा केंद्र पर किया जाएगा। परीक्षार्थियों को कड़ी जांच के बाद ही परीक्षा केंद्रों पर जाने दिया जाएगा। उनका परीक्षा केंद्र पर ही आधार कार्ड व बायोमेट्रिक से मिलान किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी इस्तेमाल किया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों का आवंटन गृह मंडल से अलग किया जाएगा।

### कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी 30 मिनट पहले

कक्ष निरीक्षकों के परीक्षा कक्ष का आवंटन परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से 30 मिनट पहले स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में रेंडम आधार पर किया जाएगा। परीक्षा केंद्र पर 50 फीसदी स्टाफ बाहर का होगा। परीक्षा केंद्रों पर तैनात होने वाले कर्मियों पर किसी भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस लेने जाने पर प्रतिबंध होगा।

### प्रश्नपत्र पर गोपनीय कोड रहेंगे

अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने गुरुवार की रात शासनादेश जारी करते हुए सभी आयोगों व बोर्डों को भेज इसे दिया है। एक पाली में अधिकतम पांच लाख परीक्षार्थियों को ही रखा जाएगा। पीसीएस परीक्षा को एक ही पाली में कराने की छूट होगी। प्रश्नपत्र के हर पन्ने पर गोपनीय सुरक्षा चिह्न जैसे यूनिक बार कोड, क्यूआर कोड, यूनीक सीरियल नंबर डालने होगा। जिससे जरूरत पर उसकी सीरीज के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके। प्रश्नपत्र लाने व ले जाने के बक्से की टेंपर प्रूफ मल्टीलेयर पैकेजिंग होगी। प्रश्नपत्र सेटिंग के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रश्नपत्र छापने वाली एजेंसी का नियमित निरीक्षण किया जाएगा।

### प्रेस में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध

प्रिंटिंग प्रेस चयन में पूरी तरह से गोपनीयता बरती जाएगी। प्रेस में आने-जाने वालों की जांच होगी। सभी के पास आईडी कॉर्ड होना अनिवार्य होगा। बाहरी व्यक्ति को प्रेस में नहीं जाने दिया जाएगा। प्रेस में स्मार्ट फोन व कैमरा ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। प्रेस के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा और उसकी रिकार्डिंग एक साल सुरक्षित रखी जाएगी।

### एजेंसी चयन में गोपनीयता

एजेंसियों का चयन अति गोपनीय तरीके से किया जाएगा। हर परीक्षा के लिए दो या इससे अधिक सेटों में प्रश्नपत्र तैयार किया जाएगा। प्रत्येक सेट का पेपर अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से तैयार कराते हुए अलग-अलग छपवाया भी जाएगा। परीक्षा से पांच घंटे पहले यह किया जाएगा कि किस सेट का पेपर परीक्षा में इस्तेमाल किया जाएगा। प्रत्येक सेट में मल्टीपल सीरीज न्यूनतम आठ प्रश्नपत्र तैयार कराए जाएंगे। हर सीरीज के अंतर्गत अलग-अलग प्रश्न क्रमांक पर होगा, जिससे नकल की संभावना से बचा जा सके। हर सीरीज में प्रश्न और उनके विकल्प भी अलग-अलग क्रमांक पर होंगे। प्रश्नपत्र के यूनिक सीरीज की जानकारी न हो सके इसीलिए उस पर ए,बी,सी,डी नहीं लिखा जाएगा।

### एजेंसियों को अलग-अलग काम

- परीक्षा कराने के लिए अलग-अलग एजेंसियों का चयन किया जाएगा। इसे चार श्रेणियों में बांटा जाएगा।
- एजेंसी-ए का काम प्रश्नपत्र तैयार करना, छपवाना और सभी जिलों के कोषागार में पहुंचाना होगा।
- एजेंसी-बी का काम परीक्षा कराना, इसमें प्रश्नपत्रों को कोषागार से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाना, परीक्षा केंद्र की सभी व्यवस्था व परीक्षा के बाद ओएमआर शीट को आयोग व बोर्ड तक पहुंचाना होगा।
- एजेंसी सी का काम परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, इसमें सिक्योरिटी, फ्रिस्किंग, बायोमैट्रिक कैप्चर, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम की व्यवस्था करना होगा।

### स्टेशन से 10 किमी के अंदर केंद्र

परीक्षा केंद्र बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व कोषागार से 10 किलोमीटर के अंदर होगा। इसके साथ ही केंद्र को तीन साल परीक्षा कराने का अनुभव होना चाहिए और शहर की आबादी के अंदर होना चाहिए। वहां जाने के लिए सड़क के साथ यातायात साधन की व्यवस्था हो। परीक्षा केंद्र के भवन में बाउंड्रीवाल, पेयजल, शौचालय के साथ ही बिजली व जनरेटर की व्यवस्था होनी चाहिए। सीसीटीवी भी चालू हालत में होना चाहिए। डीएम की अध्यक्षता में समिति बनाकर परीक्षा केंद्रों का चयन होगा। श्रेणी-ए में राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, राज्य व केंद्र के विश्वविद्यालय, राजकीय पॉलीटेक्निक, इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेजों को रखा गया है। श्रेणी-बी में इसी श्रेणी के ख्याति प्राप्त सुविधा संपन्न एडेड स्कूलों को कॉलेजों को केंद्र बनाया जाएगा। काली सूची व विवादित स्कूल व कॉलेजों को केंद्र नहीं बनाया जाएगा।

## दो सिख चरमपंथियों को अदालत से झटका

**ओटावा।** कनाडा की एक अदालत ने दो सिख चरमपंथियों द्वारा देश की नो-फ्लाई सूची से खुद को हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। 2018 में दोनों को इस लिस्ट में शामिल किया गया था। उसका कहना है कि इस बात का उचित आधार है कि वे आतंकवाद के अपराध को अंजाम देने के लिए परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा को खतरा पैदा कर सकते हैं। भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई चाहते थे कि सिक्योर एयर ट्रैवल एक्ट के तहत उन्हें नो-फ्लाइंग लिस्ट से हटा दिया जाए और उन्हें हवाई यात्रा करने की अनुमति मिले।

## ईश निंदा पर भीड़ ने एक व्यक्ति को जिंदा जलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति को कुरान के अपमान करने के आरोप में जिंदा जला दिया। जानकारी के अनुसार घटना खैबर पख्तूनख्वा के स्वात जिले के मदयान इलाके की है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, इस हिंसा में 8 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए व्यक्ति का नाम मोहम्मद इस्माइल था, जो मदयान घूमने आया था। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन इस बीच कुरान के कथित अपमान की बात पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई।

आतंकी निज्जर को दी गई श्रद्धांजलि पर भारत ने कनाडा को सुनाई खरी खरी

## बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, हम राजनीति में आतंकवाद को जगह देने वाले प्रत्येक कदम के सख्त खिलाफ



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत द्वारा घोषित खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को कनाडा की संसद में दो मिनट के मौन के साथ हालिया दी गई श्रद्धांजलि के मामले पर शुक्रवार को भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में इस घटना की सख्त लहजे में निंदा करते हुए कहा कि हम राजनीति में आतंकवाद को स्थान देने वाले हर कदम के खिलाफ हैं। मालूम है कि कनाडा की संसद में आतंकवादी निज्जर की कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसकी पहली बरसी के मौके पर बीते मंगलवार को कनाडा की संसद में एक मिनट का मौन रखा गया था।

ब्रिटिश कोलंबिया की पुलिस ने इस मामले में चार भारतीय युवकों को गिरफ्तार किया है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि खालिस्तानी गतिविधियां उसके लिए गंभीर चिंता का विषय हैं।

लगातार हम इस मामले पर कनाडा की सरकार से कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा में चरमपंथियों को राजनीतिक छूट दी गई है। जबकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

इटली में भारतीय मजदूर की मौत

## पुलिस ने मानी लापरवाही गंभीरता से शुरू की जांच



एजेंसी ▶▶ रोम

रोम के दक्षिण में स्थित गांव एग्रो पोंटिनो में तरबूज के खेत में काम करते समय सतनाम सिंह का एक हाथ कट गया था। घायल होने के दो दिन बाद सिंह की बुधवार को अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घायल होने के बाद सिंह को उनके घर के बाहर छोड़ दिया गया था। उनके कटे हुए हाथ को फलों के टोकरे में रखा गया था। खेत के मालिक रेन्जो लोवाटो ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया।

जिस मशीन से सिंह घायल हुए थे उन्हें उसके करीब न जाने की चेतावनी दी गई थी। लोवाटो ने बताया कि सिंह ने उनकी बात नहीं मानी। दुर्भाग्य से यह एक बड़ी लापरवाही थी। काराबेनियरी पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि लोवाटो के बेटे पर सिंह को उनके घर के बाहर गंभीर हालत में छोड़ने, हत्या और संकट के समय किसी व्यक्ति की सहायता न करने के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

## मक्का में 51.8 डिग्री तक पहुंचा तापमान | इस साल हज यात्रा के दौरान 98 भारतीयों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हज यात्रा के दौरान इस साल कई लोगों की मौत हो चुकी है। बढ़ती गर्मी इसका एक बड़ा कारण है, इसके ऊपर कुछ दूसरे फैक्टर्स की वजह से भी मृतकों का आंकड़ा इस बार ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। अब भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया है कि 98 भारतीयों की भी इस साल हज यात्रा के दौरान मौत हो गई है। इसमें कुछ मौतें दुर्घटना की वजह से हुई हैं, कुछ प्राकृतिक कारणों की वजह से तो कुछ लोग पहले से ही बीमार चल रहे थे।

**हज में हुई मौतों पर क्या बोली सरकार ?** जानकारी के अनुसार भारत से हज यात्रियों की मृत्यु पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस साल अब तक 175,000 भारतीय तीर्थयात्री हज पर जा चुके हैं, हज में 98 भारतीय तीर्थयात्रियों की मृत्यु हुई है। वैसे विदेश मंत्रालय ने जोर देकर कहा है कि हज मिशन की तरफ से भारतीय लोगों के लिए यात्रा के दौरान सारी सुविधा की गई हैं।

## गुजरात के 10 लोगों को कुवैत पुलिस ने किया गिरफ्तार, लिखी पीएम व विदेशी मंत्री को चिट्ठी

एजेंसी ▶▶ गुजरात

गुजरात से एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि यहां के 10 लोगों को कुवैत में गिरफ्तार कर लिया गया है। हाल ही में कुवैत की बिल्डिंग में आगजनी की घटना से कई भारतीयों की मौत हो गई थी। इसी के चलते कुवैत में पुराने बिल्डिंगों को खाली कराया जा रहा है। इसी के चलते साबरकांठा जिले के विजयनगर तहसील के दढवाव गांव के 10 लोगों को कुवैत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**गए थे रिश्तेदारों से मिलने:** दरअसल, विजयनगर के कई लोग कुवैत में रहते है और कई सालों से वे वहां रोजगार करते हैं। 16 जून को बकरीद की छुट्टी होने के कारण कुवैत में विजयनगर के 10 लोग अपने रिश्तेदारों से मिलने गए थे। तब कुवैत पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पटेल रमनलाल कुरजीभाई ने साबरकांठा सांसद शोभना बारैया को एक चिट्ठी लिखकर सभी लोगों को देश वापस लाने की मांग की है।



सभी को कुवैत पुलिस ने हिरासत में लिया गया है। इसी को लेकर रमणभाई कुरजीभाई मोढ़पटेल ने पीएम नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री,और साबरकांठा सांसद शोभना बारैया एवं राज्य सभा सांसद रमिला बारा को एक चिट्ठी लिखी है। जिसमें सभी को जल्द रिहा करवाने मांग की है।

मस्जिद, खलीफा जैसे नाम चीनी भाषा में, उइगर संस्कृति को मिटाने का लगा आरोप

## उइगर मुसलमानों से जुड़े चीन ने शिंजियांग में 630 गांवों के नाम बदले

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने उइगर मुसलमानों से जुड़े 630 गांवों और कस्बों के नाम बदल दिए हैं। न्यूयॉर्क स्थित ह्यूमन राइट वॉच (एचआरडब्ल्यू) और नॉर्वे की उइगर हेल्प ने मिलकर बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें इस बात का खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक चीन ने उइगरों के लिए धार्मिक, ऐतिहासिक या सांस्कृतिक अर्थ वाले सैकड़ों गांवों और कस्बों के नाम बदल दिए हैं और उनकी जगह ऐसे नाम रखे हैं जो कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा से मेल खाते हैं। दोनों संगठनों के किए गए शोध से पता चलता है कि अधिकांश गांवों के नाम 2017 से 2019 के बीच बदले गए। रिपोर्ट में बताया गया है कि ये वही दौर था जब शिंजियांग में उइगरों पर उत्पाचार चरम पर था।




*शिंजियांग प्रांत की ये तस्वीर 2018 की है। इसमें मंदारिन भाषा में बदले हुए गांव का नाम लिखा है।* (फाइल फोटो)

### चीन ने 2023 में तिब्बत का बदला नाम

*चीन ने जगहों का नाम बदलने का चलन सबसे पहले तिब्बत में शुरू किया था। उसने तिब्बत के कई इलाकों के नाम बदल डाले और 2023 में उसने तिब्बत का ही नाम बदल दिया। चीन ने तिब्बत का नया नाम 'शीजांग' रखा है। इसके अलावा चीन अरुणाचल प्रदेश के भी इलाकों का नाम बदलता रहता है। चीन ने 1 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर वहां की 30 जगहों के नाम बदल दिया था।*

### धार्मिक-सांस्कृतिक वजहों से बदले नाम

2009 से 2023 के बीच चीन ने शिंजियांग के 25 हजार गांवों में से 3,600 गांवों के नाम बदले गए हैं। इसमें बताया गया है कि अधिकांश गांव के नाम बदलने के पीछे सामान्य वजह लगती है। जैसे कि कई गांवों के नाम गलत मात्रा होने की वजह से बदले गए हैं लेकिन 630 गांव ऐसे हैं जिन्हें धार्मिक या फिर सांस्कृतिक वजहों से बदला गया है। 'होजा'(खलीफा), 'हनीका'(शासक), 'मजार'(मस्जिद) जैसे नामों को हटा दिया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109